आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 171 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, व भोपाल, रायपुर से एक साथ प्रकाशित

इंदौर, बुधवार, 25 जून, 2025

### मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल हुए सीएम, 4 राज्यों के मुख्यमंत्री ने की सहभागिता

# पीएम मोदी ने भारत को वैश्विक मंच पर दी नई पहचान : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने न केवल आंतरिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज़ को निर्णायक और सम्मानजनक मान्यता मिली है। 'ऑपरेशन सिंदूर' इस बात का प्रतीक है कि भारत अब अपने नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और प्रतिष्ठा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने यह विश्वास दिलाया है कि हर भारतीय, चाहे वो कहीं भी हो, भारत सरकार उसकी ढाल बनकर खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को वाराणसी में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में सहभागिता कर संबोधित कर रहे थे। बैठक में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी, एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित उक्त राज्यों के मुख्य सचिव, केंद्र सरकार एवं संबंधित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत 'विकसित भारत 2047' के जिस मार्ग पर चल रहा है, उसमें राज्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नीति आयोग, मुख्यमंत्री परिषद् और क्षेत्रीय परिषद जैसे संस्थागत तंत्र ने इन्हें केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि 'समाधान का माध्यम' बनाया है। हमें सिखाया गया है कि विचारधाराएँ अलग हो सकती हैं, लेकिन देश का भविष्य साझा है; दृष्टिकोण भिन्न हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य एक 'सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत' होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह क्षेत्रीय परिषद केवल प्रशासनिक विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि सहकारी संघवाद की जीवंत अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हमेशा इस बात पर बल दिया है कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में है लेकिन उसकी गति, उसका विकास 'टीम इंडिया' की भावना में निहित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की धरती काशी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक का आयोजन हो रहा है। हमारा सौभाग्य है कि हम भगवान श्रीराम, आराध्य श्रीकृष्ण की जन्मस्थली और भगवान शिव के प्रिय निवास स्थान उत्तर प्रदेश की पुण्यभूमि पर एकत्रित हुए हैं। भारत के फेडरल स्ट्रक्चर को केवल संवैधानिक प्रावधान नहीं बल्कि संवेदनशील नेतृत्व और संकल्प की शक्ति ही जीवंत बनाती है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में देखा गया है कि चाहे आपदा प्रबंधन हो, आंतरिक सुरक्षा या अधोसंरचना विकास, जब राज्य एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो भारत की गति दोगुनी हो जाती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ नियमित संवाद, केंद्र-राज्य समन्वय समितियाँ और निवेश सम्मेलन इन सभी माध्यमों से संघीय व्यवस्था को नया बल मिला है। प्रधानमंत्री ने इस धारणा को बदल दिया है कि 'राज्य और केंद्र' प्रतिस्पर्धी हैं। अब हम 'राज्य और केंद्र' साझेदार हैं, इस सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में लागू की गई थी। योजना अंतर्गत SECC के हितग्राहियों पर होने वाले व्यय का वहन भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा 60: 40 के अनुपात में किया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा प्रतिवर्ष प्रति परिवार व्यय की अधिकतम सीमा राशि 1052 रूपये सीलिंग निर्धारित की गई है, जो कि वर्ष 2018 से आज तक यथावत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्धारित सीलिंग को बढ़ाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभागों में अलग-अलग पोर्टल होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पैरामीटर को ट्रैकिंग करने में कठिनाई आ रही है इसका समाधान करने के लिए एक इंटीग्रेटेड पोर्टल विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

### प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से कराया अवगत

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की उपलब्धियों और विकास संबंधी जानकारियां प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिकारी एवं कर्मचारी की 9 वर्षों से पदोन्नतियां रुकी हुई थीं। ऐसी स्थिति में राज्य शासन की कार्य दक्षता एवं कर्मचारियों की पदोन्नति कर्मचारियों की नवीन नियुक्तियां एवं लोक सेवकों के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। इसका निराकरण करते हुए मध्यप्रदेश में लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 स्वीकृत किए गए हैं। जिससे प्रदेश के 5 लाख कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पदोन्नति से जो 2 लाख पद खाली होंगे उनसे सीधी भर्ती के पदों पर नवीन नियुक्तियां की जा सकेगी। इस ऐतिहासिक निर्णय से शासकीय कर्मचारी के मनोबल में वृद्धि होगी एवं राज्य शासन की कार्य दक्षता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्र को नीति आयोग के ग्रोथ हब मॉडल के अनुरुप औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र के हब के रुप में विकसित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 पारित कर इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर को उनके आसपास के जिलों को साथ में लेकर मेट्रोपॉलिटन सिटी के रुप में विकसित करने की रणनीति तैयार की गई है। वर्तमान में प्रदेश में 17 शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं शीघ्र ही सिंगरौली और श्योपुर में नए शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रारंभ होंगे। अगले दो वर्षों में 6 नए शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएंगे और उज्जैन में मेडिसिटी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। राज्य शासन ने पीपीपी मॉडल पर 12 मेडिकल कॉलेज की स्थापना का निर्णय लिया है इसमें चार मेडिकल कॉलेज को सफलतापूर्वक अवार्ड कर दिया गया है।

# सीजफायर ढाई घंटे में ही टूटा

## ट्रम्प बोले- जंग रुकी; कुछ देर बाद ईरान ने मिसाइलें दागीं, जवाब में इजराइल ने बम गिराए

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार रात एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि ईरान और इजराइलके बीच युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर पूर्ण सहमति बन गई है। यह युद्धविराम अगले कुछ घंटों में प्रभावी हो जाएगा और 12 घंटे की शांति अवधि के बाद युद्ध को आधिकारिक रूप से समाप्त माना जाएगा। हालांकि इस ऐलान के कुछ घंटे बाद ही युद्धविराम टूट गया। पहले ईरान ने हमला किया उसके बाद इजरायल ने पलटवार किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसकी आलोचना की और दोनों देशों से नाराजी जाहिर करते हुए कुछ देर बाद उन्होंने बताया के दोनों देशों में युद्धविराम लागू है। यह संघर्ष 12 दिन पहले शुरू हुआ था, जब इस्राइल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-इस्राइल की तरफ से युद्धविराम का उल्लंघन किए जाने कुछ देर बाद ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा- 'इस्राइल ईरान पर हमला नहीं करेगा। सभी विमान पलटकर घर लौटेंगे और ईरान के प्रति दोस्ताना 'प्लेन वेव' करेंगे। किसी को कोई नुकसान नहीं होगा, युद्धविराम लागू है!' वहीं इसके कुछ देर बाद ही ट्रंप ने एक दूसरे पोस्ट में लिखा- ईरान कभी भी अपनी परमाणु सुविधाओं को फिर से नहीं बना पाएगा। वह स्थान चट्टानों के नीचे है और पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। इस दौरान ट्रंप ने पुष्टि की है कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि अस्थायी युद्ध विराम लागू हो गया है। वहीं इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करने के बाद ईरान के खिलाफ कठोर हमले को रोक दिया है।

### इजरायल बम मत गिराओ,पायलट वापस बुलाओ : ट्रंप

इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान और इस्राइल दोनों ने युद्धविराम के नियमों का उल्लंघन किया है। यह युद्धविराम मंगलवार तड़के से लागू होना था, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद दोनों देशों की ओर से हमले हुए। ट्रंप ने इस्राइल को चेतावनी दी है कि वह अपने पायलटों को तुरंत घर बुलाए और बमबारी बंद करे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा- इस्राइल, बम मत गिराओ। अगर तुम ऐसा करते हो तो यह बड़ा उल्लंघन होगा। अपने पायलटों को तुरंत वापस बुलाओ! ट्रंप ने नाटो सम्मेलन के लिए हेग रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'उन्होंने (ईरान ने) युद्धविराम तोड़ा, लेकिन इस्राइल ने भी ऐसा किया। मैं इस्राइल से खुश नहीं हूं।'

### युद्धविराम के बाद हमला

मंगलवार सुबह इस्राइल ने आरोप लगाया कि ईरान ने युद्धविराम लागू होने के बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागीं। ईरान की सेना ने इस बात से इनकार किया, लेकिन उत्तरी इस्राइल में विस्फोट और सायरन की आवाजें सुनाई दीं। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने दो ईरानी मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया।

### पलटवार जरुरी है : नेतन्याहू



इजरायल ने भी तेहरान के पास स्थित एक ईरानी रडार ठिकाने पर हवाई हमला किया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को साफ कर दिया कि हमले को टालना संभव नहीं है और ईरान की कार्रवाई के जवाब में कुछ न कुछ करना जरुरी है। इसे इजरायल की ओर से 'सीमित जवाबी कार्रवाई' बताया गया है। इजरायल का दावा है कि यह हमला ईरान की ओर से संघर्षविराम तोड़कर दो बैलिस्टिक मिसाइल दागने के जवाब में किया गया है। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि इजरायल ने ईरान के साथ युद्ध विराम को स्वीकार कर लिया है और उसने ईरान के खिलाफ युद्ध के लक्ष्य हासिल कर लिए हैं।

### ईरान जारी रखेगा परमाणु कार्यक्रम

ईरान की परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने मंगलवार को घोषणा की कि अमेरिका और इजरायल के हालिया हमलों से हुई क्षति के बावजूद ईरान का परमाणु कार्यक्रम निर्बाध रुप से जारी रहेगा। "हमारा परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और इसे कोई नहीं रोक सकता। पुनर्निर्माण की योजनाएं तैयार हैं।

## ईरान और इजरायल में फंसे 3000 भारतीयों की वापसी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



भारतीय वायु सेना ने ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 3000 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित इजरायल और ईरान से बाहर निकाला है। इस ऑपरेशन के लिए वायुसेना के विमान C-17 का इस्तेमाल किया जा रहा है। लोगों को पहले रोड मार्ग से मिस्र लेकर जाया गया, जिसके बाद जॉर्डन से उन्हें विमानों में बैठाकर सुरक्षित भारत लाया गया।

मंगलवार 24 जून की सुबह से अभी तक नागरिकों से भरी तीन फ्लाइट दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई हैं। तीनों विमानों के स्वागत के लिए विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री पबित्रा मरघेरिता एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। पहले विमान में 161 भारतीय थे जिन्हें इजरायल से सड़क मार्ग के जरिए जॉर्डन लाया गया। जहां से उन्हें चार्टर्ड फ्लाइट में बैठाकर दिल्ली 8 बजकर 20 मिनट पर लाया गया।

दूसरा विमान 8 बजकर 45 मिनट पर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। इस फ्लाइट में 165 भारतीय नागरिक थे। इन्हें जॉर्डन से वायुसेना के C-17 से भारत लाया गया है। वहीं तीसरे विमान में 300 लोग थे। इन्हें इजराइल से मिस्र के ताबा बॉर्डर के जरिए शार्म-अल-शेख लाया गया। इन्हें भी वायुसेना के C-17 विमान की मदद से दिल्ली पहुंचाया गया। इसके अलावा मंगलवार की सुबह 3 बजकर 30 मिनट पर माशहद शहर से एक चार्टर्ड फ्लाइट से 292 लोगों को दिल्ली लाने की खबर सामने आई है। जिसे मिलाकर अब तक ईरान से 2295 नागरिकों को बाहर निकाला जा चुका है।

## एअर इंडिया ने फिर शुरू की पश्चिम एशिया-यूरोप की उड़ानें

**नई दिल्ली**। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एअर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे फिर से शुरू करेगी। पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, इसलिए उड़ानों का संचालन चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। एअर इंडिया ने यह भी कहा कि आज से यूरोप के लिए और यूरोप से आने वाली उड़ानें भी दोबारा शुरू कर दी जाएंगी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, जैसे-जैसे पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं, एयर इंडिया आज से इस क्षेत्र में अपनी उड़ानें धीरे-धीरे शुरू करेगी। पश्चिम एशिया के लिए और वहां से आने वाली ज्यादातर उड़ानों का संचालन 25 जून से पूरी तरह से बहाल कर दिया जाएगा।

## आज लॉन्च होगा शुभांशु शुक्ला का एक्सिओम मिशन

**नई दिल्ली**। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण अब 25 जून को होगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को यह घोषणा की। नासा के एक बयान में कहा गया, 'नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन 'एक्सिओम मिशन 4 के प्रक्षेपण के लिए बुधवार 25 जून को तड़के का लक्ष्य निर्धारित किया है।' एक्सिऑम-4 वाणिज्यिक मिशन का नेतृत्व कमांडर पैगी व्हिटसन कर रही हैं, जिसमें शुक्ला मिशन पायलट हैं और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू तथा पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की मिशन विशेषज्ञ हैं। यह मिशन फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र के 'लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए' से प्रक्षेपित किया जाएगा।

### अगले महीने से रेल यात्रियों को बड़ा झटका लगने वाला है

# भारतीय रेलवे यात्री ट्रेन किराए में बढ़ोतरी करने जा रहा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



अगले महीने से रेल यात्रियों को बड़ा झटका लगने वाला है। दरअसल, भारतीय रेलवे कोविड-19 महामारी के बाद पहली बार यात्री ट्रेन किराए में बढ़ोतरी करने जा रहा है। किराए में मामूली बढ़ोतरी 1 जुलाई, 2025 से लागू होगी।

सूत्रों के मुताबिक नॉन-AC मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए यात्री किराए में 1 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की जाएगी। AC क्लास के लिए किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। 500 किलोमीटर की यात्रा के लिए उपनगरीय टिकट और सेकंड क्लास की यात्रा के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। 500 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए, वृद्धि आधा पैसा प्रति किलोमीटर होगी। इसके अलावा, मासिक सीजन टिकट में भी कोई बढ़ोतरी नहीं होगी।

**तत्काल टिकट की बुकिंग में बदलाव:** ऑनलाइन तत्काल टिकट सिस्टम में लंबे समय से चल रही धांधली को देखते हुए हाल ही में रेलवे ने तत्काल टिकट की बुकिंग प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। 1 जुलाई से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा। 1 जुलाई, 2025 से तत्काल ट्रेन टिकट बुकिंग के लिए आधार सर्किफिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। 10 जून, 2025 को जारी एक निर्देश के जरिए रेल मंत्रालय ने सभी रेलवे जोन को सूचित किया है कि इस नई आवश्यकता का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि तत्काल योजना का लाभ आम अंतिम उपयोगकर्ताओं तक को मिले।* बता दें कि सरकार का यह नियम ऑनलाइन बुकिंग, रिजर्वेशन काउंटर और एजेंट्स के जरिए से की जाने वाली बुकिंग पर लागू होगा। इसका मकसद आम लोगों को कन्फर्म तत्काल टिकट आसानी से मुहैया कराना है।

### 1 जुलाई से लागू होने वाले संशोधित किराया

उपनगरीय किराए में कोई वृद्धि नहीं होगी। मासिक सीजन टिकट की कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी। सेकंड क्लास में 500 किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराया नहीं बढ़ाया जाएगा। सेकंड क्लास में 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए, किराया प्रति किलोमीटर आधा पैसा बढ़ जाएगा। मेल और एक्सप्रेस (नॉन-AC) ट्रेनों में किराया 1 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा। AC क्लास में किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा।

## मध्यप्रदेश का सीपीपीपी मॉडल सहकारिता क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति मंत्री सारंग

# मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया सीपीपीपी विंग का शुभारंभ

संवाददाता • भोपाल

**शुभारंभ**

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को विंध्याचल भवन स्थित सहकारिता आयुक्त कार्यालय में 'सीपीपीपी निवेश प्रोत्साहन विंग' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था में सहकारिता का अहम योगदान है। मध्यप्रदेश के सीपीपीपी मॉडल को पूरे देश में सराहना मिली है। इस मॉडल के माध्यम से संपूर्ण सहकारिता जगत में नई क्रांति आयेगी। उन्होंने कहा कि सीपीपीपी विंग सहकारी समितियों, किसानों और निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने हेतु कार्य करेगा। साथ ही निवेश से जुड़ी अनुमतियों, प्रक्रियाओं और मार्गदर्शन के लिए एकीकृत मंच प्रदान करेगा। जिससे सहकारी बैंकों, समितियों, किसानों और निजी उद्यमियों के बीच एमओयू की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा।



### विकसित भारत 2047 में सहकारिता की अहम भूमिका

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहकारिता क्षेत्र की अहम भूमिका है। गांवों की आर्थिक प्रगति के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का सीपीपीपी मॉडल पूरे देश में एक अनुकरणीय पहल के रुप में उभर कर सामने आया है। यह मॉडल सहकारी संस्थाओं, किसानों और निजी निवेशकों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



### मप्र का सीपीपीपी मॉडल सहकारिता क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारी संस्थाओं की उपयोगिता को देखते हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में "सहकारी सार्वजनिक निजी भागीदारी" CPPP की अवधारणा की सोच को क्रियान्वित किया गया। जिसके तहत रिलायंस, वैद्यनाथ, मैजेस्टिक बासमती राइस बड़ी कंपनियों के साथ लगभग 2305 करोड़ के 19 एमओयू सहकारी संस्थाओं के साथ निष्पादित किये गये। उन्होंने कहा कि सीपीपीपी मॉडल किसान, पैक्स और निवेशकों के हित में हैं। इससे किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। पैक्स की आर्थिक गतिविधियों में विविधता और विस्तार आएगा। निजी निवेशकों को गुणवत्ता युक्त कच्चा माल स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगा।

### सीपीपीपी मॉडल को अपनायेगी केंद्र सरकार

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश के सीपीपीपी मॉडल की प्रशंसा केंद्र सरकार द्वारा भी की गई है, और यह संभावना जताई जा रही है कि भविष्य में इसे राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया जा सकता है। यह मॉडल सहकारिता जगत में नई क्रांति का आगाज करेगा। उन्होंने कहा कि सीपीपीपी मॉडल से सहकारी संस्थाओं की आय में वृद्धि होगी, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कच्चे माल (सामग्री) सहकारी संस्थाओं के माध्यम से निजी संगठनों को उपलब्ध करवाया जा सकेगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### उच्चाधिकारियों और निवेशक प्रतिनिधियों की उपस्थिति

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल, सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक श्री मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक विपणन संघ श्री आलोक कुमार सिंह, उप सचिव श्री मनोज सिन्हा सहित रिलाइंस, मैजेस्टिक बासमती राइस, मशरुम वर्ल्ड, प्रतिभा सिंटेक्स कंपनियों के प्रतिनिधि और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## शॉट न्यूज

### अलग-अलग इलाकों से पकड़ाए तस्कर, ब्राउन शुगर और गांजा बरामद

**इंदौर।** नशे के खिलाफ शहर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत विजयनगर, छोटी ग्वालटोली, बाणगंगा, हीरानगर और चंदननगर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ब्राउन शुगर और गांजा बरामद किया है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शहर मे नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस को दिए हैं। हीरानगर थाने के उप निरीक्षक शुभम पांडे के मुताबिक मेट्रो पोल के पास से सुनील पिता राजेंद्र 23 साल निवासी रूप नगर को पकड़ा इसके पास से 19.19 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। इसी प्रकार छोटी ग्वालटोली थाने के उप निरीक्षक बीडी भारती ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कमला नेहरू स्कूल के पास से रोहित पिता राजू राठौड़ 29 साल निवासी इंदिरा नगर को पकड़ा।

### 18 शराब दुकानों पर प्रकरणों में से 09 और दुकानों पर 22.95 लाख जुर्माना

**इंदौर।** उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और मदिरा दुकानों पर नियंत्रण के उद्देश्य से जिला आबकारी विभाग ने पिछले दिनों सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया था। विभाग द्वारा की गई गहन जांच में 18 शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक या एमएसपी से कम मूल्य पर मदिरा विक्रय किए जाने के प्रमाण पाए गए थे। संबंधित सभी लाइसेंसियों को नोटिस के उपरांत प्रकरण सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी द्वारा कलेक्टर आशीष सिंह के समक्ष निराकरण के लिए प्रस्तुत किए गए थे। कलेक्टर द्वारा आज 09 और प्रकरणों का निराकरण करते हुए इन दुकानों पर 22.95 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। जिसका इंद्राज सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा ई-आबकारी पोर्टल पर अद्यतन किया गया है, शेष 01 प्रकरण का निराकरण भी शीघ्र किया जाएगा, जिन दुकानों पर जुर्माना लगाया है उनमें कंपोजिट मदिरा दुकान

#### स्पेशल ट्रेन के अतिरिक्त फेरों का संचालन

## भोपाल रेल मंडल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी

संवाददाता • भोपाल

समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से सूबेदारगंज-उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के अतिरिक्त 13-13 फेरों को रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी भोपाल रेल मंडल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 07.07.2025 से 29.09.2025 तक प्रत्येक सोमवार को सूबेदारगंज स्टेशन से सुबह 11:40 बजे प्रस्थान कर, बीना 23:00 बजे पहुँचकर अगले दिन रानी कमलापति 02:00 बजे, इटारसी 03:40 बजे और मंगलवार दोपहर 13:30 बजे उधना स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04156 उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 08.07.2025 से 30.09.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को उधना स्टेशन से सायं 16:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 04:25 बजे, रानी कमलापति 06:30 बजे, बीना 09:40 बजे पहुँचकर और बुधवार रात 21:00 बजे सूबेदारगंज स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 07 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर, गोविंदपुरी, भीमसेन, पोखरायां, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, पलाधी, अमलनेर, नंदुरबार एवं चलथान स्टेशनों पर रुकेगी। स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## होमएसेंशियल्स अमेज़न के साथ भारतीय घरों को बेहतर बना रहा है

### अमेज़न के साथ होमएसेंशियल्स का सफ़र

संवाददाता • मुंबई

होमएसेंशियल्स की शुरुआत एक मामूली समझ से हुई कि घर और रसोई की ज़रूरी चीज़ें उबाऊ, पुरानी या सिर्फ काम की क्यों होनी चाहिए? संस्थापकों को बाज़ार में एक कमी दिखी कि पारंपरिक ब्रांडों में आधुनिक सौंदर्य और व्यावहारिक खूबसूरती की कमी थी, जो आज के भारतीय उपभोक्ता चाहते हैं। इस कमी को पूरा करने और रोज़मर्रा की ज़िंदगी को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने अमेज़न पर होमएसेंशियल्स लॉन्च किया। डिजिटल-फर्स्ट (डिजिटल प्रक्रिया पर केंद्रित) पर आधारित एक एमएसएमई के रूप में, होमएसेंशियल्स भारतीय घरों के रोज़मर्रा की चीज़ों को नया स्वरूप प्रदान कर रहा है। इस एमएसएमई दिवस के मौके पर, उनकी कहानी इस बात का प्रमाण है कि अमेज़न जैसे डिजिटल मार्केटप्लेस किस तरह आधुनिक व्यवसायों को बढ़ाने, प्रतिस्पर्धा करने और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में नया रंग भरने में मदद कर रहे हैं। शुरू से ही, होमएसेंशियल्स सिर्फ उत्पाद लॉन्च नहीं करना चाहता था, इसकी शुरुआत एक जज़्बे के साथ हुई थी। होम एसेंशियल के ग्रोथ मार्केटप्लेस के उपाध्यक्ष, अंशुल अग्रवाल कहते हैं, 'हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहक हमें गर्मजोशी, स्टाइल और स्मार्ट डिज़ाइन के साथ जोड़ें। हम जो भी उत्पाद लॉन्च करते हैं, उसका उद्देश्य होता है, जीवन को सरल बनाना और जगहों को सुंदर बनाना।

### अमेज़न लॉन्चपैड क्यों बना

होमएसेंशियल की शुरुआत एक डी2सी वेबसाइट से हुई थी, लेकिन ब्रांड ने अमेज़न को वृद्धि के लिए बेहतरीन भागीदार के रुप में देखा, जिसके पास भारी तादाद में भरोसेमंद ग्राहकों तक फ़ौरन पहुंचने की ताकत है। अनुकूलित लिस्टिंग और ब्रांडिंग पर ज़ोर देने की नीति के कारण होम एसेंशियल को शुरुआती गति प्राप्त करने में मदद मिली। अमेज़न के विक्रेता परितंत्र ने सिर्फ पहुंच से कहीं अधिक सुविधा प्रदान की। सेलर सेंट्रल, विज्ञापन और समीक्षा प्रणाली जैसे तत्वों के ज़रिये होमएसेंशियल को अपने पेशकशों के ज़रिये तेज़ी से प्रयोग करने, दोहराने और परिष्कृत करने में मदद मिलती है। सेल्फ-शिप से फुलफिल्मेंट बाय अमेज़न (एफबीए) अपनाने का फ़ैसला लाभकारी सिद्ध हुआ। इससे डिलीवरी का समय कम हुआ, दृश्यता बढ़ी और टीम को लॉजिस्टिक्स के बजाय वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली। लेकिन असली तेज़ी इंट्रा-सिटी डिस्ट्रीब्यूशन (आईएक्सडी) के साथ आई। संस्थापक याद करते हैं कि सिर्फ एक अमेज़न वेयरहाउस में इन्वेंट्री भेजना और बाकी का काम अमेज़न द्वारा संभाले जाने से भारी बदलाव आया। इससे परिचालन सरल बन गया और यह सुनिश्चित हुआ कि ब्रांड देश भर में ग्राहकों तक तेज़ी से पहुंचे, खास तौर पर महानगरों और टियर-2 शहरों में।

## एसीसीए ने अकाउंटेंसी पेशे की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए संशोधित योग्यता का किया अनावरण

संवाददाता • मुंबई

**घोषणा**

वैश्विक लेखा निकाय, एसीसीए (एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स) ने लेखा (अकाउंटेंसी) पेशे की उभरती और विस्तारित भूमिका के अनुरूप अपनी प्रमुख स्वर्ण मानक योग्यता में बदलाव करने की घोषणा की है।

यह नया स्वरूप दिखाता है कि कैसे अकाउंटेंट अब व्यवसायों को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं - न केवल मुनाफ़ा कमाकर, बल्कि नैतिकता, स्थिरता, नई तकनीक और आर्थिक बदलावों को संभालने पर ध्यान केंद्रित कर भी। सार्वजनिक क्षेत्र में भी इसी तरह के बदलाव हो रहे हैं। ये बदलाव नियोक्ताओं की उभरती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं, साथ ही इसमें एसीसीए योग्यता की मौजूदा क्षमता पर भी ध्यान दिया गया है। इसके तहत बेहतर पढ़ाई और मूल्यांकन प्रक्रिया की पेशकश की जाएगी, जिसमें एआई-संवर्धित पढाई भी शामिल है। इसे अगली पीढ़ी को गतिशील और लगातार बदलती दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक पेशेवर कौशल और तकनीकी विशेषज्ञता से लैस करने के लिए तैयार किया गया है।

यह घोषणा दुनिया भर में मौजूदा एसीसीए सदस्यों, नियोक्ताओं और शिक्षण प्रदाताओं के साथ-साथ युवाओं के साथ व्यापक परामर्श के बाद की गई है। पुनः डिज़ाइन की गई योग्यता 2027 के मध्य से लागू की जाएगी।

एसीसीए की मुख्य कार्यकारी हेलेन ब्रांड ने कहाः 'अकाउंटेंसी को नया स्वरूप दिया जा रहा है। अकाउंटेंट वहनीय व्यवसाय को आगे बढ़ाते हैं, सामाजिक मूल्य के प्रवर्तक और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाकर इसे आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं। वे लगातार बदलते अवसरों और बदलती चुनौतियों की दुनिया के लिए अपने वित्तीय और नैतिक कौशल को निखार रहे हैं। वे नए व्यवसाय मॉडल और सफलता के बारे में नई सोच के साथ नवोन्मेष करते हैं। वे सभी के लिए मूल्य निर्माण के लिए लोगों, पृथ्वी और समृद्धि पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम जो बदलाव कर रहे हैं, वे अगली पीढ़ी को इस रोमांचक नए भविष्य के लिए तैयार करेंगे और यह भविष्य व्यापक और अधिक विविध अवसर पेश करेगा।' इन बदलावों में रोज़गार योग्यता पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें योग्यता के तीन स्तरों में से प्रत्येक पर रोज़गार योग्यता मॉड्यूल की शुरूआत शामिल है, जो डिजिटल तकनीक, नैतिकता, स्थिरता और व्यवसाय प्रबंधन जैसे विषयों के अनुकूल काम का अनुभव प्रदान करता है।

बेहतर वेतन और पद इस उपलब्धि को मान्यता प्रदान करते हैं और छात्रों को एसीसीए यात्रा के हर चरण में नियोक्ताओं के सामने अपने कौशल का प्रदर्शन करने मदद करते हैं। प्रौद्योगिकी, वहनीयता और नैतिकता, जो पहले से ही एसीसीए योग्यता का अभिन्न अंग हैं, ये हर चरण में आपस में जुड़े होंगे। एक और नई बात है, नई डेटा साइंस प्रोफेशनल परीक्षा जिसे छात्र अंतिम 'रणनीतिक पेशेवर' स्तर पर एक विकल्प के रूप में चुन सकते हैं। एसीसीए में भारत के निदेशक, मोहम्मद साजिद खान ने कहाः "एसीसीए योग्यता हमेशा से ही स्वर्ण मानक रही है, जिसे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है और भारत में नियोक्ताओं द्वारा अत्यधिक महत्व दिया जाता है। यह हमेशा की तरह ही कठोर, प्रासंगिक और भविष्य-केंद्रित रहेगी, जिसमें रोज़गार पर और भी अधिक ध्यान दिया जाएगा और यह हमारे सदस्यों को भारत के भविष्य में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा।

# जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी 25 से

संवाददाता • इंदौर

### प्रभारी डीईओ ने की समीक्षा बैठक



इंदौर में जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 25 और 26 जून को किया जाएगा। जिला विज्ञान अधिकारी आर. के. चेलानी द्वारा जानकारी दी गई कि जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में गठित की गई समितियों के कार्य और व्यवस्था की संयुक्त कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी इंदौर द्वारा समीक्षा की गई। प्रदर्शनी के आयोजन के सम्बंध में क्लॉथ मार्केट वैष्णव बाल मन्दिर गर्ल्स हायर सेकेंडरी, साउथ राजमोहल्ला इंदौर का कार्यक्रम स्थल के लिए चयन किया गया है। बैठक में पंजीयन समिति, मॉडल कक्ष प्रभारी, व्यवस्था समिति आदि के नोडल अधिकारी द्वारा अपने अपने कार्य की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों के द्वारा अपने वैज्ञानिक रुचि के अनुसार तैयार मॉडल का प्रदर्शन किया जाएगा। दो दिवसीय प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के मॉडल का ज्यूरी द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा और चयनित मॉडलों को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी पर भेजा जाएगा। इंदौर जिले में सत्र 2023-24 में 691 छात्रों द्वारा इंस्पायर अवार्ड पोर्टल पर आइडिया अपलोड किया गए थे, इनमें से 72 छात्रों के आईडिया NIF अहमदाबाद द्वारा चयन किये गए। इसी प्रकार 2024-25 के लिए जिले के 1082 छात्रों द्वारा अपने आइडिया अपलोड किया गए थे, उनमें से 72 आइडिया NIF अहमदाबाद द्वारा चयनित हुए। तकनीकी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चयनित छात्रों के खाते में 10 हजार रूपये की राशि प्रति छात्र दी गई है। इस राशि से छात्र अपने आइडिया के आधार पर मॉडल / प्रोटोटाइप बनाकर प्रदर्शित करेंगे। उपरोक्त छात्रों में से 10% छात्रों का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए किया जाएगा। समीक्षा बैठक में नरेन्द्र जैन एडीपीसी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी इंदौर, आभा जौहरी प्राचार्य श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव बाल मन्दिर गर्ल्स हायर सेकंडरी और समितियों के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य राजीव जैन, दिनेश मनोरे, शिवनारायण कोगे, अजय गडकरी, प्रकाश शिरवलकर, सपना हूमड़, सुभाष जोशी, मनोज खोपकर समिति सदस्यों के साथ उपस्थित थे।

## डॉ. अजीत पाठक पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

### दिल्ली में नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

संवाददाता • भोपाल

डॉ. अजीत पाठक को पुनः पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। यह घोषणा नई दिल्ली में आयोजित सोसायटी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनावों के दौरान की गई। पब्लिक रिलेशंस में भारत के पहले डॉक्टरेट और ग्लोबल अलायंस ऑफ पीआर एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट के पूर्व सचिव डॉ. पाठक प्रतिष्ठित भारत सरकार के उपक्रम इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में महाप्रबंधक कार्पोरेट कम्यूनिकेशंस के रूप में कार्यरत थे। पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया और इंटरनेशनल पब्लिक रिलेशंस एसोसिएशन में उनके योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें ली मेरिडियन गुरुग्राम में आयोजित इंडिया एसोसिएशन कांग्रेस के दौरान "मोस्ट इंस्पायरिंग लीडर अवार्ड" से सम्मानित किया गया। डॉ. पाठक इंटरनेशनल पब्लिक रिलेशंस एसोसिएशन के बोर्ड सदस्य भी रहे हैं। उनके योगदान और प्रतिबद्धता को देखते हुए पीआरएसआई ने एक बार फिर उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। यह 21वां वर्ष है जब डॉ. अजीत पाठक को पीआरएसआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विश्वास प्राप्त हुआ है और उन्हें अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है।



इसके साथ ही 2025-2027 के कार्यकाल के लिए नई कार्यकारणी का गठन किया गया है, जिसमें डॉ. पी.एल. के. मूर्ति - महासचिव, दिलीप चौहान - सचिव-कोषाध्यक्ष, नरेंद्र मेहता - उपाध्यक्ष (उत्तर), सुश्री एम.एस. मजूमदार - उपाध्यक्ष (पूर्व), एस.पी. सिंह - उपाध्यक्ष (पश्चिम), यू.एस. सरमा - उपाध्यक्ष (दक्षिण) बनाए गए हैं। गौरतलब है कि 1958 में स्थापित पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) भारत में जनसंपर्क और संचार पेशेवरों का राष्ट्रीय संघ है। इसका मिशन जनसंपर्क को एक मान्यता प्राप्त पेशे के रूप में बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में एक रणनीतिक प्रबंधन कार्य के रूप में इसकी भूमिका की व्याख्या करना है।

#### "बैकमैन बंडल पेसिंग" से सफल इलाज

# त्रिपुरा के 33 वर्षीय ड्राइवर का पूर्वी भारत के पहले

संवाददाता • कोलकाता

**मदद**

एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत, मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल (मणिपाल हॉस्पिटल्स नेटवर्क की इकाई) के डॉ. दिलीप कुमार डायरेक्टर, कैथ लैब, सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, डिवाइस और स्ट्रक्चरल हार्ट एक्सपर्ट ने पूर्वी भारत का पहला बैकमैन बंडल (Bachmann Bundle) पेसिंग और लेफ्ट बंडल ब्रांच एरिया पेसिंग (LBBAP) किया। यह तकनीक दिल की प्राकृतिक धड़कन को बनाए रखने में मदद करती है, जिसे कम्प्लीट फिजियोलॉजिकल पेसिंग कहा जाता है।

यह आधुनिक इलाज 33 साल के एक व्यक्ति (रवि - नाम बदला हुआ), जो पेशे से कार ड्राइवर हैं और त्रिपुरा के अगरतला से हैं, पर किया गया। रवि को लंबे समय से 'सिक साइनस सिंड्रोम' और 'एवी ब्लॉक' जैसी बीमारी थी, जिससे उनके दिल की धड़कन कई बार बहुत धीमी हो जाती थी — सिर्फ 25 बीट प्रति मिनट। इससे उन्हें चक्कर, सांस की तकलीफ और जानलेवा अनियमित धड़कनों का खतरा था।



स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, डॉ. दिलीप कुमार और उनकी टीम ने बैकमैन बंडल पेसिंग और लेफ्ट बंडल ब्रांच एरिया पेसिंग का संयुक्त तरीका अपनाया, ताकि दिल की धड़कन स्वाभाविक तरीके से चले और पारंपरिक पेसमेकर से जुड़ी जटिलताओं जैसे हार्ट फेल्योर, अनियमित धड़कन (एट्रियल फाइब्रिलेशन), या कार्डियोमायोपैथी से बचा जा सके। पूरी प्रक्रिया विशेष कैथेटर (सी३१५एस५) की मदद से कैथ लैब में की गई।

डॉ. दिलीप कुमार ने कहा, "हम गर्व से कह सकते हैं कि हम अगली पीढ़ी की हार्ट केयर में अग्रणी हैं। हमने पहले ही करीब 200 से ज़्यादा कंडक्शन सिस्टम पेसिंग (सीएसपी) की हैं, लेकिन यह पहली बार कम्प्लीट फिजियोलॉजिकल पेसिंग करके हमने एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है। यह इलाज युवा और जटिल हार्ट रिद्म वाले मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है। भारत में यह तकनीक अब और तेजी से अपनाई जाएगी।"

रवि, जो अब स्वस्थ हैं, ने कहा, "मैं कार ड्राइवर हूं और लंबे समय से सांस फूलना और कमजोरी महसूस कर रहा था। कई डॉक्टरों से इलाज करवाया लेकिन फायदा नहीं हुआ। इस अस्पताल में आने के बाद मुझे पता चला कि मेरी स्थिति गंभीर है, लेकिन ऑपरेशन के एक दिन बाद ही मैं बेहतर महसूस करने लगा। आज मैं चल-फिर सकता हूं, और सामान्य जीवन जी रहा हूं। मैं डॉ. दिलीप कुमार और पूरी टीम का दिल से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मेरी जान बचाई।"

डॉ. अयनाभ देबगुप्ता, रीजनल सीओओ (पूर्व), मणिपाल हॉस्पिटल्स ने कहा, "यह उपलब्धि हमारे मेडिकल उत्कृष्टता और इनोवेशन-प्रेरित सोच को दर्शाती है। पूर्वी भारत में पहली बार इस तरह की कम्प्लीट फिजियोलॉजिकल पेसिंग करना, यह दिखाता है कि हम सबसे आधुनिक दिल की देखभाल क्षेत्र में किस तरह से आगे हैं।"

### शहर में छाए बादल, दिनभर बूंदाबांदी का मौसम

# एक घंटे की झमाझम में कई बस्तियां जलमग्न

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर में मंगलवार सुबह से ही भारी बारिश हो रही है। एक घंटे तक चली मूसलधार बारिश ने कई बस्तियों को जलमग्न कर दिया। सुबह से जारी बूंदाबांदी ने 11 बजे के बाद तेज बारिश का रूप ले लिया। इसके बाद करीब एक घंटे तक लगातार झमाझम बारिश जारी रही। तेज बारिश ने पूरे शहर को भीगो दिया। इससे इंदौर की अधिकांश निचली बस्तियों में पानी भर गया। कई घरों में पानी घुसने की सूचना है। बारिश के कारण कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है और कई जगहों पर जाम की स्थिति बन गई। मौसम विभाग ने इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में अगले दो दिनों तक भारी वर्षा की संभावना जताई है।

**झमाझम**

### तापमान में गिरावट, पर बारिश अभी भी कम

पिछले दो दिनों से शहर का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है, जो सामान्य से लगभग 7 डिग्री कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री कम है। बीते सोमवार को शहर में पूरे दिन रुक-रुक कर बारिश होती रही, लेकिन केवल 1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। जून माह में अब तक लगभग डेढ़ इंच बारिश हुई है, जबकि सामान्य औसत करीब 5 इंच होता है। ऐसे में अगले छह दिनों में लगभग 3.5 इंच और वर्षा की आवश्यकता है।

### मजबूत सिस्टम से बढ़ी उम्मीदें

फिलहाल, मध्यप्रदेश के ऊपर से एक ट्रफ लाइन गुजर रही है, जिससे वर्षा का एक सक्रिय सिस्टम बना हुआ है। इसी कारण सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, आज मंगलवार को भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। विशेषकर इंदौर और उज्जैन संभाग में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।



### इंदौर में पिछले साल हुई थी 4 इंच बारिश

जून में इंदौर में दिन के टेम्प्रेचर में खासी गिरावट होती है। पिछले 5 साल यानी- 2020, 2021, 2022, 2023 और 2024 में जून में कम गर्मी पड़ी। पारा 39.6 से 41.1 डिग्री के बीच रहा है। पिछले साल 40.6 डिग्री तक पारा पहुंचा था। इस महीने कोटे की 20% तक बारिश हो जाती है। पिछले साल करीब 4 इंच पानी गिरा था।

### मानसून एक्टिव होने के बाद तेज बारिश का दौर

बता दें कि इस बार देश में मानसून 8 दिन पहले ही आ गया था। वहीं, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में यह तय समय से पहले पहुंच गया। ऐसे में अनुमान था कि मध्य प्रदेश में यह जून के पहले सप्ताह में ही आ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पिछले 15 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा रहा। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री नहीं हो पाई। 13-14 जून को मानसून आगे बढ़ा। बावजूद यह प्रदेश में 1 दिन लेट हो गया।

## शॉट न्यूज

### भगवान के घर में चोरी करने वाले पकड़ाए, दानपेटी बरामद

**इंदौर।** तिलकनगर इलाके में मंदिर से दान पेटी और रुपए चोरी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पहचान कर धरदबोचा हैं। पकड़े गए आरोपियों से मंदिर से चुराई गई दानपेटी भी बरामद कर ली गई। दो दिन पहले तिलकनगर इलाके के मंदिर से दानपेटी चुराकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेजों को खंगाला जिसमें आरोपी के हुलिये के आधार पर तलाश करते हुए आरोपी आकाश पिता लक्ष्मीनारायण परिहार निवासी टिगरिया बादशाह रोड बाणगंगा व कार्तिक पिता गणपत सूर्यवंशी निवासी सुरेन्द्र नगर बाणगंगा को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों से दान पेटी एवं रुपए को बरामद कर लिया गया हैं।

### कार से शराब तस्करी कर रहा आरोपियों को पकड़ा

**इंदौर।** सांवेर पुलिस ने चेकिंग के दौरान टवेरा कार से अवैध शराब सप्लाई कर रहे आरोपियों को गिरफ्तार का देसी विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने कायस्थखेड़ी में चेकिंग अभियान चलाया इसी दौरान एक टवेरा कार का चालक पुलिस को देखकर गाड़ी को पलटा कर रफ्तार में दौड़ रहा था, जिसका पीछा कर पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम अरुण पिता भोलाराम कुमावत 35 साल निवासी ग्राम केसरी पुर का बताया। गाड़ी की तलाशी ली तो तीन पेटी देसी शराब, एक पेटी बियर, एक पेटी अंग्रेजी शराब, आदि जप्त की है। पूछताछ में उसने बताया कि वह अवैध शराब सप्लाई करने जा रहा था। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार लसूडिया पुलिस ने लोडिंग रिक्शा को चेकिंग के दौरान पकड़ा और उसमें छुपा कर रखी दो पेटी अंग्रेजी शराब की जब्त की और आरोपी कैलाश पिता कन्हैया लाल मालवीय और दिलीप पिता राम प्रसाद पवार को पकड़ा हैं।

### जमीन हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने वालों पर प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** खुड़ैल इलाके में एज व्यक्ति की करोडों की जमीन हड़पने के लिए आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज बना लिए और बटांकन एंव सीमाकंन में उपयोग किया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक मामला ग्राम तिल्लौर खुर्द स्थित भूमि सर्वे क्र. 233/1/1/2, 233/1/1/3 , 233/1/2 का है। पुलिस ने मिली शिकायत के आधार पर आरोपी संतोष पिता मांगीलाल ठाकुर निवासी ग्राम तिल्लौर खुर्द और अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में जांच एएसआई संतोष सिंह बामनिया कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक 22 मा्रच 2024 को आरोपी संतोष ठाकुर ने अन्य लोगो के साथ मिलकर फरियादी के साथ पुनः भूमि का बटांकन एंव सीमाकंन करवाया। आरोपियों ने सरकारी दस्तावेजों में हेरफेरी की और आवेदक की करोडों की भूमि को हड़ने की नीयत से छल किया।

### 4 जुलाई तक लोग कर सकेंगे आवेदन, 1 जनवरी तक पूरी होना चाहिए 18 वर्ष की आयु

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-पदों की भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के रिक्त पदों की भर्ती के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिये 04 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग इंदौर रजनीश सिन्हा ने बताया कि इन्दौर जिला अन्तर्गत संचालित बाल विकास 15 परियोजनाओं में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं के पूर्णतः अस्थाई (मानसेवी) एवं मानदेय आधारित आंगनवाडी कार्यकर्ता के 32 तथा सहायिकाओं के 196 रिक्त पदों की पूर्ति एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल (https://chayan.mponline.gov.in) के माध्यम से प्राप्त किये जाएंगे।

ऑफलाईन प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 04 जुलाई 2025 नियत की गयी है। अन्तिम तिथि तक प्राप्त आवेदन में संशोधन किये जाने की अन्तिम तिथि 07 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। परियोजना अन्तर्गत अन्तिम रूप से रिक्त पदों की संख्या एवं वार्ड तथा स्थान की जानकारी चयन पोर्टल (https://chayan.mponline.gov.in) पर उपलब्ध है। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक है कि जिस ग्राम/नगरीय क्षेत्र के वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति की जानी है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम एवं शहरी और नगरीय क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है।

**पहल**



### 100 रुपए फीस जमा कर होगा आवेदन

आवेदन एमपी ऑनलाइन द्वारा स्थापित कियोस्क के माध्यम से या स्वयं एमपी ऑनलाइन के पोर्टल पर जाकर भर सकते हैं। एमपी ऑनलाइन द्वारा भरे जाने वाले आवेदन के लिए शुल्क राशि 100 रुपए निर्धारित है। एमपी ऑनलाइन से संबंधित समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0755-6720208 है। जिन आंगनवाड़ी केन्द्रों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये विज्ञप्ति जारी की जा रही है, उनके संबंध में यदि कलेक्टर/अपर कलेक्टर/संभाग आयुक्त/अपर कलेक्टर / संभाग आयुक्त/अपर आयुक्त के न्यायालय अथवा माननीय उच्च न्यायालय में यदि कोई वाद प्रचलित है अथवा भर्ती प्रक्रिया के दौरान कोई वाद निर्मित होता है तो न्यायालय का निर्णय अन्तिम होगा अथवा चयन/नियुक्ति न्यायालय के अधीन होगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या/विज्ञापित रिक्त पदों में परिवर्तन का अधिकार विभाग का होगा।

### गर्ल फ्रेंड को मैसेज भेजकर युवक ने दे दी जान

**इंदौर।** संयोगितागंज इलाके में एक युवक द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने जान देने से पहले प्रेमिका को आखिरी मैसेज किया था। प्रेमिका से अनबन के बाद उसके द्वारा आत्महत्या किए जाने की जानकारी सामने आई हैं। मृतक का नाम सुनील पिता ओंकार (24) निवासी भीम नगर हैं। उसने अग्रसेन चौराहा के समीप जहर खा लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संयोगितागंज पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि युवक सुनील डिलेवरी बॉय का काम करता था।उस का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। वह युवती के साथ लिव इन में रहता था, लेकिन कुछ दिनों पूर्व युवती और सुनील के बीच अनबन हो गई, जिसके चलते युवती उसे छोड़कर चली गई। जिसके बाद से सुनील दुखी था और उसने युवती को आखरी मैसेज भेजा जिसमे उसने मरने के बाद भी प्यार करते रहने का जिक्र किया। मैसेज भेजने के बाद उसने जहर खाकर जान दे दी।

**सब्जी व्यापारी ने की आत्महत्या** - सिमरोल इलाके में सब्जी व्यापारी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम नारायण पिता मनसुखलाल (25) निवासी दातोदा सिमरोल हैं। कल जहर खा लेने के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा हैं कि मृतक सब्जी का व्यापार करता था कल पत्नी से विवाद और कहासुनी के बाद उसने आत्महत्या की हैं।

### इंदौर के जयंत सिंह पवार ने लिखा स्व-रोजगार का नया अध्याय

# वॉटर-बॉटलिंग यूनिट से हुई 15 लाख रुपये मासिक आय, 50 लोगों को दिया रोजगार

**संवाददाता ● इंदौर**

केंद्र और प्रदेश सरकार की स्व-रोजगार योजनाओं ने युवाओं के सपनों को नई उड़ान दी है। इंदौर जिले के जयंत सिंह पवार इसका जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम(पीएमईजीपी) के तहत 50 लाख रुपये का ऋण लेकर सांवेर तहसील के सोलसिंडा गांव में वॉटर बोतल निर्माण यूनिट स्थापित की। इस यूनिट से जयंत को प्रतिमाह 15 लाख रुपये की आय हो रही है और उन्होंने 50 लोगों को रोजगार प्रदान कर एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

**रोजगार**

जयंत सिंह पवार ने बायोटेक्नोलॉजी में मास्टर्स की पढ़ाई पूरी करने के बाद फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में नौकरी की, लेकिन उनका सपना था अपना व्यवसाय शुरू करना। उन्होंने इंदौर में एक रेस्तरां शुरू किया और तीन साल तक उसका संचालन किया। इस दौरान उन्हें पानी की आपूर्ति में वॉटर-बॉटलिंग की कमी की समस्या का सामना करना पड़ा। जयंत ने इस चुनौती को अवसर में बदला और वॉटर पैकेज्ड-वॉटर यूनिट शुरू करने का फैसला किया। जयंत बताते हैं कि रेस्तरां संचालन के दौरान मैंने पैकेज्ड वॉटर सप्लायर्स से बात की और जाना कि वॉटर बोतल की कमी एक बड़ी समस्या है। यही वह पल था जब मुझे वॉटर बॉटलिंग यूनिट शुरू करने का विचार आया। 50 लाख का ऋण, 12 लाख की सब्सिडी यूनिट शुरू करने के लिए बड़े बजट की जरूरत थी। जयंत ने एक साल तक रिसर्च और प्लानिंग की, लेकिन फंड की कमी एक चुनौती थी। तभी उन्हें जिला उद्योग केंद्र से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिली। जयंत ने तुरंत आवेदन किया और जल्द ही 50 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिसमें 12 लाख रुपये की सब्सिडी शामिल थी। जयंत ने बताया " पीएमईजीपी मेरे लिए वरदान साबित हुई। '50 लाख के ऋण और 12 लाख की सब्सिडी ने मेरे सपने को हकीकत में बदल दिया।" इस फंड से जयंत ने सोलसिंडा में आधुनिक वॉटर-बॉटलिंग यूनिट स्थापित की, जो आज न केवल उनकी आर्थिक समृद्धि का आधार है, बल्कि 50 स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का स्रोत भी बनी है। जयंत की इस सफलता ने इंदौर, साथ ही पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए एक मिसाल कायम की है।

### आधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस होगा फायर ब्रिगेड अमला

## हाईराइज से तंग बस्तियों तक आग से सुरक्षा के लिए इस्तेमाल कर रहे हाईटेक तकनीक

**इंदौर** । नगर के निरंतर विस्तार और हाईराइज इमारतों के तेजी से बढ़ते निर्माण को देखते हुए नगर निगम फायर ब्रिगेड को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसी क्रम में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने फायर रोबोट और अत्याधुनिक फायर फाइटिंग उपकरणों का प्रेजेंटेशन देखा। प्रेजेंटेशन के दौरान महापौर भार्गव ने कहा, 'इंदौर एक प्रगतिशील शहर है, जहां हर दिन नई-नई बहुमंजिला इमारतें बन रही हैं। ऐसे में शहर की सुरक्षा और विशेष रूप से अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। हम पिछले एक वर्ष से फायर टीम को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।



### रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ ने किया निरीक्षण

**इंदौर।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और रतलाम मंडल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने आज इंदौर स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने इंदौर में संचालिक विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान सीईओ कुमार ने अधिकारियों से कार्यकलापों के बारे में भी जानकारी ली।

### एनजीटी अपने आदेश और निर्देशों में कर रहा इंदौर मॉडल का उल्लेख

# पर्यावरण-वायु सुधार, पानी बचाने के क्षेत्र में इंदौर की देश में विशेष पहचान

**संवाददाता ● इंदौर**

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) की प्रिंसिपल बेंच के सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार, वायु गुणवत्ता में सुधार और जल संचयन के क्षेत्र में इंदौर की देश में विशेष पहचान है। यह देश का मॉडल शहर है। यहां विगत कई वर्षों से अनेक उल्लेखनीय कार्य और नवाचार हो रहे हैं। इसे और आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इंदौर जिले में सभी ग्राम पंचायत में प्राकृतिक संसाधनों का डेटाबेस तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि एनजीटी अपने आदेशों एवं निर्देशों में इंदौर मॉडल का उल्लेख भी कर रहा है। डॉ. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में आज यहां जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, एमपीआईडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमांशु प्रजापति सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जारी वर्ष 2025 के लिए जिला पर्यावरण प्लान बन गया है। इस प्लान में वेस्ट मैनेजमेंट, वायु गुणवत्ता, वेटलैंड मैनेजमेंट, वृक्षारोपण आदि पर विशेष ध्यान देने का प्रावधान रखा गया है। जानकारी दी गई की 432 जल संरचनाओं को परियोजना में वेटलैंड मैनेजमेंट प्लान के तहत शामिल किया गया है। अफरोज अहमद ने कहा कि जिले में ग्राम पंचायत वार प्राकृतिक संसाधनों की मैपिंग कर डेटाबेस बनाएं। इसमें जल सरंचना, वृक्ष, पहाड़ आदि की जानकारी सम्मिलित हो। उन्होंने कहा कि सभी तालाबों का सीमांकन भी कराया जाए। वृक्षारोपण अभियान के तहत लग रहे पौधों की सुरक्षा, रखरखाव और संधारण के लिए भी ग्रामवार समिति बनाई जाना चाहिए।

**बैठक**



### ग्रीन बेल्ट सुरक्षित रहे इसके लिए हों विशेष प्रयास

उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट सुरक्षित रहे इसके लिए विशेष प्रयास हो। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाना चाहिए। इंदौर में हरित क्षेत्र की वृद्धि के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएं। बताया गया कि जिले में इस वर्ष 20 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है। अहमद ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जन जागरुकता अत्यंत जरुरी है। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने जिले में पर्यावरण संरक्षण और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कान्ह नदी के सुधार के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया। बैठक में पर्यावरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की। बैठक में बताया गया कि इंदौर में वर्षा जल संचयन का कार्यक्रम व्यापक स्तर पर चल रहा है। इसके लिए जल गंगा संवर्धन अभियान भी चलाया जा रहा है। बैठक में शिप्रा एवं कान्ह नदी किनारे के गांवों में घरेलू तरल अपशिष्ट प्रबंधन की कार्य योजना के संबंध में तथा जिले में किए गए वृहद पौधारोपण कार्य की जानकारी दी गई।

# घड़ियां सेकंड्स गिन सकती हैं, दिल की तरह पल नहीं !

मुंबई के पवई स्थित हीरानंदानी अस्पताल में सोमवार की सुबह ऑपरेशन थिएटर के बाहर तीन घंटे इंतजार करते हुए मैंने करीब सौ से ज्यादा बार अपनी कलाई घड़ी देखी होगी। मेरी पत्नी की दोनों आंखों की मोतियाबिंद की सामान्य सर्जरी के लिए मुझे बीते सात दिनों में दो अलग-अलग दिन उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। हालांकि इतने बड़े अस्पताल में कथित 15 मिनट की सर्जरी के पहले और बाद में विभिन्न कारणों से कई घंटे लग गए और ऐसे में अपने करीबी परिजन की देखभाल के लिए वहां मौजूद रिश्तेदार के तौर पर कोई भी बार-बार घड़ी देखने के अलावा कुछ भी नहीं कर सकता। और जब पहली आंख की सर्जरी के लिए पहले दिन पत्नी ओटी में गईं तो मैंने भी बिल्कुल ऐसा ही किया। पहले दिन, मैंने महसूस किया कि मेरी घड़ी की मिनट वाली लंबी सुई बहुत धीरे चल रही थी। मुझे लगा कि इसे सही कराने के लिए दुकान पर ले जाना चाहिए। मुझे इस घड़ी के साथ पहले कभी भी ऐसा नहीं लगा था। या तो यह सामान्य तौर पर काम करती या बैटरी खत्म होने पर रुक जाती थी। लेकिन बीते 25 सालों में धीमे चलना तो इस घड़ी की प्रकृति नहीं रही।

पत्नी के कैथलैब डे केयर से डिस्चार्ज होने के बाद मैं अपने नियमित घड़ीसाज के पास गया, जिससे मैं बैटरी लेता हूं। और जब मैंने उससे कहा कि यह घड़ी धीमे चल रही है तो उसने मुस्कराकर मेरी ओर देखा और बोला ह्वजैसे अचानक हमारा पेट खराब हो जाता है, घड़ियों में भी अचानक ऐसी समस्या हो जाती है। सामान्य तौर पर यह मैकेनिकल समस्या नहीं होती। यह घड़ी मालिक की आंखों में मायोपिया के कारण हो जाता है।ह्ल उसने धीरे से कहा ह्वघड़ियां लोगों की तरह ही होती हैं। जैसे ही आप उनके साथ जल्दबाजी करते हो तो घड़ी में कुछ खराब हो या नहीं हो, लेकिन मुझे यकीन है कि घड़ी मालिक के साथ जरूर कुछ बुरा हुआ होता है।

> **वह जोर से हंसा और बोला ह्वअब मैं समझ गया। इसे एक दिन के लिए मेरे पास छोड़ो और यदि आप चाहते हो तो ये पॉकेट वॉच ले जाओ। यह बिल्कुल सही चलती है। चूंकि इसे देखकर मुझे मेरे नानाजी की पॉकेट वॉच याद आई तो मैंने इसे रख लिया। सर्जरी की बात सुनकर मेरी बेटी घर आई थी और मैंने देखा कि जब हम साथ डिनर कर रहे थे तो यह पॉकेट वॉच वास्तव में तेज चल रही थी। सच में, समय जैसे उड़ा जा रहा हो।**

घड़ीसाज ने घड़ी को एक छोटी सफेद टेबल पर रखा, जिस पर एक ट्रे और मोटा कॉटन का सफेद कपड़ा रखा था। फिर उसने पूछा कि ह्वआपने कब देखा कि यह घड़ी धीरे चल रही है? मैंने कहा ह्वजब मैं अस्पताल में इंतजार कर रहा था। वह जोर से हंसा और बोला ह्वअब मैं समझ गया। इसे एक दिन के लिए मेरे पास छोड़ो और यदि आप चाहते हो तो ये पॉकेट वॉच ले जाओ। यह बिल्कुल सही चलती है। चूंकि इसे देखकर मुझे मेरे नानाजी की पॉकेट वॉच याद आई तो मैंने इसे रख लिया। सर्जरी की बात सुनकर मेरी बेटी घर आई थी और मैंने देखा कि जब हम साथ डिनर कर रहे थे तो यह पॉकेट वॉच वास्तव में तेज चल रही थी। सच में, समय जैसे उड़ा जा रहा हो।

मैं दूसरे दिन घड़ीसाज के पास गया और उसको बोला ह्वइस घड़ी में समय अनियमित चल रहा है।ह्ल जैसे ही उसे पता चला कि बेटी के साथ डिनर करते वक्त यह अनियमित चल रही थी, तो वह शमार्ते हुए हंसा और मेरी घड़ी वापस करते हुए बोला ह्वअब यह सही हो गई है। चूंकि यह लंबे समय मेरे पास रही, इसलिए अब शांत हो गई है और सही प्रकार से चल रही हैं। मैंने इसमें कुछ भी नहीं किया।ह्ल उसने मेरे लिए चाय मंगाई और चुस्की लेते हुए बोला ह्वइस बात को समझो कि समय दो तरह का होता है। एक वह, जो गुजरता है, दूसरा जिसे आप जीते हो।ह्ल और वह सही था। पत्नी की दूसरी आंख की सर्जरी के दौरान मेरे पास पढ़ने के लिए एक किताब थी। इस बार भले ही मैंने अपनी आदत के मुताबिक कई बार घड़ी देखी, लेकिन यह समय से ही चल रही थी। फंडा यह है कि घड़ी सेकंड गिन सकती है, लेकिन यह हमारा दिल ही होता है, जो पलों को गिन सकता है। जब दिल डरा होता है तो लगता है कि समय गुजर ही नहीं रहा और जब यह खुश होता है तो समय पंख लगाकर उड़ जाता है।

## संत वचन

फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा। हमने इफिसुस के विश्वासियों को प्रेरित पौलुस का अभिवादन सुना, जिसमें उन्होंने उन सभी को उनके प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह में उद्धार की याद दिलाई, जिसके बारे में वे और अन्य प्रेरित और मिशनरी घोषणा करते रहे थे, और उन्हें याद दिलाया कि प्रभु में उद्धार मसीह के द्वारा और जो कुछ भी उन्होंने अपने शिष्यों और कलीसिया के माध्यम से उन पर प्रकट किया था, उसके द्वारा आया था, न कि अन्य माध्यमों जैसे कि ईश्वर की व्यवस्था और आज्ञाओं के पालन के माध्यम से, जैसा कि यहूदी पृष्ठभूमि से आए कुछ धर्मांतरित लोगों ने, विशेष रूप से फरीसी और व्यवस्था समूह के शिक्षकों ने दावा किया था और वे शेष कलीसिया और ईसाई विश्वासियों पर यहूदी रीति-रिवाजों और तरीकों को लागू करना चाहते थे।

# पाकिस्तान को अमेरिका की दोस्ती भारी पड़ने वाली है

एक कहावत है कि घी गिरा तो खिचड़ी में। इसका मतलब यह है कि किसी कीमती चीज का छोटा नुकसान भी कभी-कभी आपके खाते में मुनाफे की तरह जुड़ जाता है। अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला बोलने के बाद भारत भी आज आश्चर्यजनक रूप से खुद को ऐसी स्थिति में पा रहा है, जिसमें उसे कुछ कूटनीतिक स्पेस मिल रहा है। ट्रम्प ने बार-बार, और काफी नासमझीपूर्ण तरीके से भारत को पाकिस्तान के समकक्ष खड़ा करके उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। वे अब तक कम से कम एक दर्जन से ज्यादा बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष-विराम कराने का श्रेय ले चुके होंगे। लेकिन अब ईरान पर अमेरिका की बड़ी कार्रवाई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के आलोचक इस बात को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे कि ट्रम्प पाकिस्तान की तारीफ करने और भारत के परिपक्व कूटनीतिक रुख को कमतर आंकने में क्यों जुटे हुए थे।

**एडिट.नोट**

वास्तव में यह भारतीय कूटनीति का पतन नहीं था, बल्कि यह पाकिस्तान पर अमेरिका की भू-रणनीतिक निर्भरता के कारण हुआ था, क्योंकि वह अमेरिका के जानी दुश्मन ईरान के साथ अपनी सीमा साझा करता है। पिछले एक महीने से ट्रम्प के बेकाबू बयानों और भारत-अमेरिका के बिगड़ते रिश्तों को लेकर मोदी की कड़ी आलोचना हो रही थी। लेकिन जैसा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने कई बार कहा है कि क्रिकेट मैच में हर ओवर की हर गेंद पर रन नहीं बनाए जा सकते, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रतिभाशाली बल्लेबाज शतक लगाकर टीम को मैच जिता सकता है। कई लोगों को लग रहा था कि पाकिस्तान में क्रिप्टोकरंसी के निजी सौदे करके ट्रम्प भारत को नुकसान पहुंचा रहे थे, लेकिन उन पर इससे कहीं ज्यादा दबाव था। मध्य-पूर्व के इतिहास को बनाने और बिगाड़ने में आज अमेरिका के हित दांव पर लगे हैं। पाकिस्तान अमेरिका के लिए एक पेंच था। और उसे उस बड़ी मशीनरी में कसकर फिट किया जाना था, जिसे परमाणु महत्वाकांक्षाओं वाली इस्लामी क्षेत्रीय ताकत ईरान को कुचलना था। अगर पीछे मुड़कर देखें तो आज भारत द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के सबसे महत्वपूर्ण युद्धों में से एक से सुरक्षित दूरी पर है।

ट्रम्प ने खुद ही भारत को अमेरिकी पोजिशन से दूर रखकर हमारा काम आसान कर दिया। ट्रम्प की भारत विरोधी बयानबाजी भारत को ईरान पर हमले के दाग से बचने में मदद करेगी। ईरान से भारत के सभ्यतागत संबंध हैं। ईरान ने भले ही कई मामलों में भारत की सक्रिय मदद नहीं की हो, लेकिन चूंकि भारत ने उसके साथ एक दीर्घकालिक गैस समझौता किया है, इसलिए उसने कभी भी भारत के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया है। ईरान और भारत के बीच स्थिर व्यापार अनुबंध तो हैं ही, दोनों के लोग भी परस्पर संपर्क में रहते आए हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान को ट्रम्प का ह्वमजबूत समर्थनह्ल उसके फील्ड मार्शल असीम मुनीर के लिए घातक साबित हो सकता है। अब यह साबित हो चुका है कि पाकिस्तान ने बलूचिस्तान के क्वेटा एयरबेस का इस्तेमाल करने के अमेरिकी दबाव के सामने घुटने टेके हैं। दुनिया जान गई है कि ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक लंच के बदले मुनीर से कई गुना ज्यादा वसूल कर लिया है। याद रखें कि यह युद्ध ईरान बनाम इराक युद्ध की तरह एक साम्प्रदायिक संघर्ष नहीं है, न ही यह शिया बनाम सुन्नी की लड़ाई है। कोई चाहे तो इसे जल्दबाजी में सभ्यताओं का टकराव करार दे सकता है। लेकिन यह ओसामा बिन लादेन को खोज निकालने जैसा एकसूत्रीय अमेरिकी अभियान भी नहीं है। ट्रम्प श्वेत ईसाई वर्चस्व की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब अमेरिका ईरान पर हमला करता है तो वह सिर्फ एक शिया देश पर हमला नहीं कर रहा होता है। ऐसे में पाकिस्तान का अमेरिका के अंगूठे के नीचे काम करना मुनीर के लिए आत्मघाती साबित होगा। अब आपको समझना चाहिए कि अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के तुरंत बाद मोदी ने जो पहला ट्वीट किया, उसमें उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के साथ अपनी बातचीत के बारे में क्यों बताया था। मोदी ने कहा कि उन्होंने हालात पर गहरी चिंता जताई है और तत्काल तनाव कम करना, बातचीत और कूटनीति ही आगे का रास्ता है।

**लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन - लेखक**

# युद्ध छेड़ा, पर उसे खत्म करने का रास्ता नहीं सूझ रहा है

ईरान और इजराइल की लड़ाई में अमेरिका के प्रवेश के बाद अब यह एक खतरनाक तीन-तरफा टकराव बन गया है। इससे दुनिया के भू-राजनीतिक समीकरण खासे बदल जाएंगे। यह अमेरिकी भागीदारी का पीक है या सिर्फ शुरूआत, यह आने वाले दिनों में पता चलेगा। यदि अमेरिका इतने भर से संतुष्ट है कि टारगेटेड ईरानी परमाणु और मिसाइल फेसिलिटीज को निष्प्रभावी कर दिया गया है, तो आगामी प्रहारों पर विराम लग सकता है। अगर नहीं, तो हालात बेकाबू होने वाले हैं। ईरान अमेरिका की किसी भी अनिर्णायकता को जवाबी कार्रवाई करने या संघर्ष का विस्तार करने के अवसर के रूप में देख सकता है। अगर ऐसा हुआ तो यह युद्ध एक बड़े क्षेत्रीय संघर्ष में बदल सकता है, जिससे न सिर्फ पश्चिम एशिया बल्कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को भी खतरा हो सकता है। इस बीच, इजराइल खुद को एक अनिश्चित स्थिति में पाता है। अपनी बड़ी सैन्य ताकत के बावजूद उसे कई मोर्चों पर भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उसकी आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली ईरान की ओर से आने वाले ड्रोन और मिसाइलों की भरमार से हांफने लगी है।

उसका गोला-बारूद का भंडार कम होता बताया जा रहा है। अमेरिका के समर्थन के बावजूद, खबरें हैं कि इजराइल ने आपातकालीन पूर्ति के लिए चुपचाप भारत से संपर्क किया है- यह बताता है कि उसके लिए स्थिति कितनी गंभीर हो गई है। ईरान का अगला कदम महत्वपूर्ण होगा। उसकी हुकूमत दबाव में है, लेकिन उसके टूटकर बिखरने के कोई संकेत फिलहाल तो नहीं दिख रहे हैं। ईरानी नेतृत्व या कमांडरों को टारगेट करना वहां पर शासन परिवर्तन को गति देने के लिए काफी नहीं होगा। आंतरिक सहयोग से ईरानी नेतृत्व की ताकत और बढ़ेगी। अब वह होर्मूज ट्रैट को टारगेट कर रहा है और उसका यह कदम न केवल खाड़ी देशों को प्रभावित करेगा, बल्कि वैश्विक तेल आपूर्ति को भी खतरे में डालेगा और भारत जैसे देशों पर इसका गंभीर असर होगा। ट्रम्प पर अब इस युद्ध की जवाबदेही आ गई है। अमेरिकी जनमत सीमित सैन्य कार्रवाई को तो बर्दाश्त कर सकता है, लेकिन मध्य-पूर्व में एक और लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष में घसीटे जाने को पसंद नहीं करने वाला है। अमेरिका का मकसद शुरू से ही सीमित रहा है- ईरान को परमाणु क्षमता हासिल करने से रोकना और इजराइल की सुरक्षा सुनिश्चित करना। वह ईरान से फुल-स्केल युद्ध या वहां पर शासन-परिवर्तन कराने पर आमादा नहीं है। लेकिन सीमित युद्धों में भी बहुत जोखिम होता है। और जैसा कि इतिहास बताता है, एक बार सैन्य-कार्रवाई शुरू होने के बाद घटनाएं अपने आप गति पकड़ सकती हैं। किसी स्पष्ट कूटनीतिक एग्जिट-प्लान का अभाव इस संघर्ष को विशेष रूप से खतरनाक बनाता है। भारत के भी हित इससे जुड़े हैं। खाड़ी में 80 लाख से अधिक भारतीय रहते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता में उनकी खासी आर्थिक हिस्सेदारी है। तेल की बढ़ती कीमतों का खतरा तो खैर है ही।

इस युद्ध की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक स्पष्ट एंड-गेम की कमी है। यदि इजराइल ईरान की परमाणु क्षमताओं को कम करने में सफल होता है, तो भी तेहरान बहुत आसानी से उनका पुनर्निर्माण कर सकता है। यदि ईरान में सत्ताबदल लक्ष्य है, तो यह एक और इराक या लीबिया बनाने के जोखिम से भरा है। यदि अमेरिका हमला करने के बाद इस संघर्ष से बाहर निकलने की उम्मीद करता है, तो यह केवल ईरान और उसके सहयोगियों को प्रोत्साहित ही करेगा। और अगर ईरान को लगता है कि वह राजनीतिक और सैन्य रूप से इस दौर से होकर गुजर सकता है तो लड़ाई रुकने का नाम नहीं लेगी। इसमें कूटनीति की अब कोई भूमिका नहीं रह गई है। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद लगभग पंगु है, अरब-मुल्क विभाजित हैं, और रूस और चीन जैसी वैश्विक ताकतें आलोचना भले चाहे जितनी करें, वे कोई समाधान नहीं देती हैं। भारत इजराइल के साथ मजबूत रक्षा संबंध रखता है, जिसमें खुफिया सहयोग भी शामिल है। चाबहार बंदरगाह और ऊर्जा गलियारों के माध्यम से ईरान तक उसकी रणनीतिक पहुंच बनी हुई है। इजराइल द्वारा भारत से सैन्य आपूर्ति मांगने की रिपोर्ट यह बताती है कि भारत को वह विश्वसनीय मानता है। फिर भी भारत को इसे सावधानीपूर्वक संतुलित करना चाहिए। किसी भी पक्ष के अलगाव से बचना चाहिए और अपने प्रवासियों और ऊर्जा हितों की सुरक्षा करनी चाहिए। मध्य-पूर्व में चल रहा संघर्ष अब गम्भीर स्थिति में आ गया है। युद्ध में अमेरिका का प्रवेश, इजराइल की निरंतर कमजोर होती सुरक्षा और ईरान की अनिश्चित आंतरिक राजनीति- ये सब मिलाकर एक विस्फोटक स्थिति बनाते हैं।

## बिजनेस

# रेल किराया बढ़ाने की तैयारी, 1 जुलाई से लागू होगा: एसी में 1000 किमी के सफर पर 20 रु. ज्यादा लगेंगे

**नई दिल्ली:** रेल का सफर 1 जुलाई से महंगा हो सकता है। नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी हो सकती है। इकोनॉमिक टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। सभी बदलाव 1 जुलाई से लागू होंगे। इस तारीख के बाद का टिकट बुक करने पर नई दरों के हिसाब से किराया चुकाना होगा। रेलवे ने आखिरी बार 2020 में यात्री किराया बढ़ाया था।

**इंडियन रेलवे ने टिकट की कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला क्यों लिया?-** सरकार ने 5 सालों से रेल टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया था। रेलवे के सामने बढ़ते खर्चे और मेंटेनेंस की लागत को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। हालांकि ये बढ़ोतरी बहुत मामूली है, ताकि आम यात्रियों पर ज्यादा बोझ न पड़े।

**टिकट की कीमतों में कितनी बढ़ोतरी होगी?-** रेलवे ने नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में प्रति किलोमीटर 1 पैसे की बढ़ोतरी की है। वहीं, एसी क्लास (जैसे अउ 2-३ी१, अउ 3-३ी१) के लिए प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी होगी। यानी अगर आप 500 किलोमीटर की यात्रा कर रहे हैं, तो नॉन-एसी में 5 रुपए और एसी में 10 रुपए ज्यादा देने पड़ सकते हैं। वहीं 1000 किलोमीटर के सफर पर अब अउ में 20 रुपए और नॉन अउ में 10 रुपए ज्यादा देने होंगे।

**क्या सभी ट्रेनों के किराए में बढ़ोतरी होगी?-** नहीं, सभी ट्रेनों पर ये बढ़ोतरी लागू नहीं होगी। सेकेंड क्लास में 500 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। यानी छोटी दूरी की यात्रा करने वाले ज्यादातर यात्रियों को पहले जैसा ही किराया देना होगा। 500 किलोमीटर से ज्यादा डिस्टेंस होने पर आधा पैसा प्रति किलोमीटर ज्यादा चुकाने होंगे।अभी रेलवे ने इसको लेकर अपनी वेब साइट पर अपडेट नहीं किया है। अपडेट होने के बाद आप इंडियन रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं। इसके अलावा, क्ष्ठळउ की वेबसाइट या ऐप पर भी ताजा अपडेट्स मिल जाएंगे। अगर आपको तत्काल बुकिंग या किराए से जुड़ी कोई शंका है, तो रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल कर सकते हैं।

**क्या रेलवे ने हाल ही में और कोई बदलाव किए हैं?** हां, रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में भी बदलाव किया है। 1 जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। यानी क्ष्ठळउ की वेबसाइट या ऐप से तत्काल टि-कट बुक करने के लिए आपका आधार कार्ड लिंक होना चाहिए।

इसके अलावा 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के दौरान आधार-बेस्ड ्डळढ वेरिफिकेशन भी करना होगा। इसका मकसद ये सुनिश्चित करना है कि तत्काल टिकट सही यात्रियों को मिले, न कि दलालों को। अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देश इसे खुला रखने के लिए तुरंत जवाबी कार्रवाई कर सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान शायद इसे पूरी तरह बंद न करे, क्योंकि इससे उसके दोस्त देश जैसे चीन को भी नुकसान होगा। फिर भी, आंशिक रुकावट भी कीमतों को बढ़ा सकती है।

## राज-काज

### शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी का अनुमान

**मुंबई।** इस सप्ताह 100 से ज्यादा कंपनियां अपने मार्च 2025 तिमाही यानी चौथी तिमाही के नतीजे जारी करेंगी। टेक्नोलॉजीज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ऌक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, टेक महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसी बड़ी कंपनियों के भी रिजल्ट्स आएंगे। बाजार की यूरोपियन यूनियन और चीन के साथ अमेरिका की ट्रेड वार्ता पर कड़ी नजर रहेगी। अमेरिका ने चीन को छोड़कर सभी ट्रेड पार्टनर्स के लिए टैरिफ रेट के इम्प्लिमेंटेशन को 90 दिनों तक रोक दिया है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने चीन के प्रोडक्ट्स पर 245% टैरिफ की घोषणा की, जिससे दोनों देशों के बीच ट्रेड टैरिफ वॉर बढ़ गई। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों की-पार्टनर्स के साथ समझौते पर पहुंचने की बात कही है। इस बीच पिछले हफ्ते भारतीय इक्विटी में निवेशकों की भावना इस उम्मीद से बढ़ी कि अमेरिका-चीन व्यापार विवाद भारत को नुकसान नहीं।

# भारत में सस्ते दामों पर मक्का-सोयाबीन बेचने पर अड़ा अमेरिका: इससे भारतीय किसानों को नुकसान

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच होने वाली ट्रेड डील, कृषि उत्पादों पर इम्पोर्ट ड्यूटी के चलते बीच में अटक गई है। ट्रेड डील के लिए अमेरिका अपने जेनेटिकली मॉडिफाइड (ऋ्ट) फूड जैसे मक्का और सोयाबीन पर इम्पोर्ट ड्यूटी घटाने की मांग कर रहा है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका चाहता है कि ये प्रोडक्ट भारत में सस्ते बिकें। वहीं भारत सरकार किसानों को नुकसान से बचाने के लिए इम्पोर्ट ड्यूटी नहीं घटाना चाहती। भारतीय अधिकारियों का मानना है कि अगर अमेरिका के सस्ते ऋ्ट फूड भारत में आ जाएंगे, तो भारतीय किसानों की फसलें बिकना मुश्किल हो जाएगी।

ऐसे में डील पर असमंजस बना हुआ है। 9 जुलाई की डेडलाइन से पहले इसका हल निकलना मुश्किल लग रहा है। यहां सवाल जवाब में जानें ट्रेड डील नहीं होने पर भारत को क्या नुकसान होगा...

**ये ट्रेड डील क्या है और इसका मकसद क्या है?** ये भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता है, जिसके तहत दोनों देश एक-दूसरे के सामान पर इम्पोर्ट ड्यूटी (आयात शुल्क) कम करके व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। भारत चाहता है कि उसके टेक्सटाइल, चमड़ा, दवाइयां, और कुछ इंजीनियरिंग सामान पर अमेरिका में जीरो टैक्स लगे, जबकि अमेरिका अपने कृषि और औद्योगिक उत्पादों के लिए भारत में बाजार चाहता है।जवाब: डील को 9 जुलाई 2025 तक फाइनल करने की कोशिश है। अगर इस तारीख तक कोई सीमित समझौता नहीं हुआ, तो भारत के सामान पर अमेरिका 26% शुल्क लगा सकता है।

**अमेरिका की मांगें क्या हैं?** अमेरिका चाहता है कि भारत ऋ्ट फसलों (मक्का, सोयाबीन) और अन्य कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम करे। साथ ही, वो मेडिकल डि-वाइसेज पर टैरिफ और डेटा लोकलाइजेशन नियमों में ढील चाहता है। अमेरिका अपने डेयरी उत्पादों, गाड़ियों, और व्हिस्की जैसे सामानों के लिए भी कम शुल्क की मांग कर रहा है। भारत ने अमेरिका की मांगों को मानने से इनकार कर दिया, खासकर कृषि और डेयरी बाजार खोलने की मांग को। भारत का कहना है कि इससे लाखों गरीब किसानों को नुकसान होगा। भारतीय उत्पाद, अमेरिकी उत्पादों से मुकाबला नहीं कर पाएंगे। भारत ने कहा है कि अगर अमेरिका ने स्टील और ऑटोमोबाइल पर शुल्क लगाए, तो हम भी जवाबी शुल्क लगाएंगे।

# सोना 2,085 गिरकर 97,263 पर आया: चांदी 1,096 फिसलकर 1.06 लाख किलो बिक रही

**नई दिल्ली:** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 23 जून को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (क्षखअ) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 2085 घटकर 97,263 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 98,691 पर था।

वहीं चांदी की कीमत 1096 बढ़कर 1,07,063 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,06,775 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।दिल्ली: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,450 मुंबई: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,690 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300

कोलकाता: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,690 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 चेन्नई: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,690 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 भोपाल: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,740 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,186 रुपए बढ़कर 99,348 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,046 रुपए बढ़कर 1,07,063 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (इक्र) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ऌवक्ळ कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- अे4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।



इजरायली सैनिक और बचाव दल, इजरायल के बीशेर्बा में ईरानी मिसाइल हमले में नष्ट हुए आवासीय भवनों के मलबे के बीच जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। इस हमले में कई लोग मारे गए थे।

### क्या राज्य पर मंडरा रहा है बड़ा संकट

# बारिश की पहली बूंद और मुख्यमंत्री का अलर्ट!

संवाददाता ● भोपाल

**अलर्ट**

मध्यप्रदेश में मानसून ने पूरी तरह से दस्तक दे दी है और राज्य के लगभग सभी जिलों से बारिश की खबरें आने लगी हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आमजन से अपील की है कि वे पूरी तरह सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें। उन्होंने कहा कि अगर सड़क पर किसी पुल या नाले पर तेज़ बहाव से पानी आ रहा हो तो उस ओर जाने से परहेज करें। यात्रा से ज्यादा जरूरी जीवन है और थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। मुख्यमंत्री की यह अपील एक जिम्मेदार और सतर्क नेतृत्व का परिचायक है जो हर नागरिक की सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है।

## हर नागरिक रहे सजग और सतर्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों को न सिर्फ अपनी बल्कि अपने परिवार की भी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि अगर कहीं पर कोई खतरा दिखाई दे तो तुरंत संबंधित प्रशासन को सूचना दें। डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे मौसम में जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। केवल प्रशासनिक प्रयास ही काफी नहीं होते जब तक आमजन खुद सतर्क न रहें। इसलिए हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह न केवल स्वयं सुरक्षित रहें बल्कि दूसरों को भी जागरूक करें।



## सभी कलेक्टर्स को मिले विशेष निर्देश

डॉ. मोहन यादव ने राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर्स और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा से किसी भी जिले में आमजन को कोई परेशानी न हो। उन्होंने विशेष रुप से नालों, पुलों और तंग रास्तों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं जहां पानी का बहाव अचानक तेज हो सकता है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन से कहा है कि संवेदनशील इलाकों में अलर्ट मोड में रहकर संभावित आपदाओं से निपटने की पूरी तैयारी रखें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार हर परिस्थिति में नागरिकों के साथ खड़ी है।

## यात्रा से पहले सोचें: यह समय सतर्क रहने का

मुख्यमंत्री की एक महत्वपूर्ण सलाह यह भी रही कि अनावश्यक यात्रा से बचा जाए। उन्होंने कहा कि जब तक कोई विशेष आवश्यकता न हो तब तक बारिश के दौरान बाहर निकलने से बचें। विशेष रुप से ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पुल या नाले पानी से भर जाते हैं, वहां जाने से बचना ही बेहतर है। कई बार लोग सोचते हैं कि पानी पार कर लेंगे लेकिन उसी क्षण कोई अप्रत्याशित बहाव जानलेवा साबित हो सकता है। मुख्यमंत्री का यह संदेश सिर्फ एक सलाह नहीं बल्कि एक चेतावनी भी है जिसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। डॉ. मोहन यादव ने यह भी कहा कि मानसून हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है। इससे खेतों को पानी मिलता है, फसलें लहलहाती हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की रफ्तार तेज होती है। उन्होंने राज्यवासियों को मानसून के आगमन की शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि यह ऋतु खुशहाली लेकर आती है लेकिन इसके साथ-साथ चुनौतियां भी लाती है। सरकार ने सभी तैयारियां कर रखी हैं और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त प्रबंध भी किए जाएंगे। उनका यह संतुलित दृष्टिकोण दर्शाता है कि वह न केवल मौसम की शुभता को समझते हैं बल्कि उसके खतरों को लेकर भी पूरी तरह सजग हैं।

## शॉर्ट न्यूज

### 3 शातिर चोरों से आधा दर्जन बाइकें बरामद

**ग्वालियर**। मध्य प्रदेश के ग्वालियर के डबरा में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां सिटी थाना पुलिस के हत्थे तीन शातिर चोर चढ़ गए। इसके साथ ही आधा दर्जन बाइक बरामद किया गया है। ये सभी चोर भीड़भाड़ वाले इलाके में खड़ी गाड़ियों की रैकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। फिलहाल तीनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। डबरा एसडीओपी जितेंद्र नागाइच ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मुखबिरों का जाल बिछाया गया था। सूचना के आधार पर तीन शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिनका नाम देवेश, कुलदीप और आशिक खान हैं, जबकि इनका एक साथी करन अभी फरार है।उन्होंने बताया कि इन सभी आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ के आधार पर चोरी की हुई छह बाइक इनके पास से बरामद की गई है।

### युवती से छेड़छाड़, ग्रामीणों ने कार में लगा दी आग

**छिंदवाड़ा**। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा के चौरई थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ की घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपियों की कार को घेरकर पहले उसमें तोड़फोड़ की और फिर आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, 21 वर्षीय युवती अपने माता-पिता के साथ कपुर्धा मंदिर से दर्शन कर लौट रही थी। इसी दौरान विनोद नामक युवक अपने साथियों के साथ कार से वहां पहुंचा और युवती का पीछा करते हुए उससे छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर विनोद और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। टीआई जीएस उइके के अनुसार, आरोपी विनोद युवती से शादी करना चाहता था। परिवार की आपत्ति के बाद युवती ने भी विवाह से इंकार कर दिया था। गांव में चर्चा है कि आरोपी ने युवती के अपहरण की भी कोशिश की थी।

### ट्रांसफर लिस्ट पर बवाल, शिक्षक हटाए गए दिव्यांग कर्मचारियों का भी तबादला

**धार**। मध्य प्रदेश के धार जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी की गई ट्रांसफर लिस्ट में कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। नियमों के खिलाफ बार-बार हुए स्वैच्छिक ट्रांसफर, आवश्यक शिक्षकों को बाबू पदों पर भेजा जाना और ऐसे स्थानों पर ट्रांसफर, जहां पहले से ही अतिरिक्त कर्मचारी हैं। कई कर्मचारी ट्रांसफर को लेकर सहायक आयुक्त कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। वहीं, कुछ राजनीतिक और आर्थिक दबाव के आरोप भी सामने आए हैं। ट्रांसफर लिस्ट को लेकर दिलीप शास्त्री, जिला अध्यक्ष, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने चर्चा में बताया कि लिस्ट में जो गड़बड़ियां हैं, इस संबंध में चर्चा करने हेतु सहायक आयोग के पास आए हैं। एक दिव्यांग शिक्षक का ट्रांसफर कर दिया गया है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिस पर हम चर्चा करेंगे। इसी प्रकार मोहनलाल यादव (स्वरक्षक मध्यप्रदेश शिक्षक संघ) ने बताया कि जिन कर्मचारियों का 6 महीने से 1 वर्ष के अंदर सेवानिवृत्ति होने वाली है।

## आधे तन पर पैंट-शर्ट, आधे पर साड़ी अर्द्धनारीश्वर बन कोर्ट पहुंचा युवक

संवाददाता ● आगर-मालवा

**घटना**

मध्य प्रदेश के आगर मालवा कोर्ट परिसर में एक अजब-गजब नजारा देखने को मिला। अचानक एक शख्स ने कोर्ट में हाजिर होकर सबको हैरान कर दिया। हैरान की बात इस शख्स की वेशभूषा रही। शख्स अपने आधे शरीर पर पैंट-शर्ट और आधे पर साड़ी यानि अर्धनारीश्वर का वेश धारण कर कोर्ट पहुंचा। यह इसको लोगों ने देखा तो उनकी निगाहें उसी पर टिकी रह गईं। हालांकि शख्स ने इस रूप को धरने के पीछे की जो कहानी सुनानी उसमें दर्द, प्रेम और अपराध सबकुछ छिपा था। दरअसल, इस शख्स का नाम मनोज बामनिया है। मनोज पर अपने ही ढाई साल के बेटे भव्यांश के अपहरण का आरोप है। करीब तीन महीने से फरार मनोज पर पुलिस ने 10 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। सोमवार को वह खुद बेटे भव्यांश के साथ कोर्ट में हाजिर हुआ। मनोज के अनुसार, लोग मानते हैं कि बच्चों को सिर्फ मां ही पाल सकती है, लेकिन एक पिता में भी ममता होती है। मनोज बामनिया ने कहा कि मैंने अपने बेटे की हर तरह से देखभाल की है। अपनी ममता दिखाने के लिए ढाई साल के बेटे के लिए पिता ने वो रूप धारण किया, जो आमतौर पर सिर्फ देवी-देवताओं की मूर्तियों में ही देखा जाता है। मनोज ने बताया कि वह पेशे से फैशन डिजाइनर हैं। अपहरण के बाद वह बेटे को लेकर इंदौर में रहा। इस दौरान वह सूरत और मुंबई भी आता-जाता रहा। बता दें कि भव्यांश के अपहरण की ये घटना 16 मार्च 2025 की है। मनोज की पत्नी रीना की बहन रोशनी भव्यांश को मंदिर ले जा रही थी, तभी बोलेरो गाड़ी से आए बदमाशों ने भव्यांश को छीन लिया और फरार हो गए। रीना ने कोतवाली थाने में अपने पति पर ही अपहरण का शक जताया था। पुलिस ने अब तक मामले में कार्रवाई करते हुए घटना में उपयोग की गई बोलेरो गाड़ी जब्त की।



### दो वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी

साथ ही मनोज के पिता सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मनोज की तलाश में इनाम की घोषणा भी की थी और अब वह खुद कोर्ट पहुंचा। रीना और मनोज पिछले दो सालों से अलग रह रहे हैं। रीना ने दहेज प्रताड़ना और घरेलू हिंसा का केस महिला थाने में दर्ज कराया था। बच्चे की सुपुर्दगी कोर्ट ने मां को दी थी, लेकिन मनोज बार-बार बच्चे को अपने पास रखने की जिद में कानून तोड़ बैठा।

### हिंदू नामों से फर्जी आईडी बनाकर कर रहे थे

## 'लव जिहाद' नाबालिग लड़कियों के साथ 3 पकड़ाए

**उज्जैन**। जिले के चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ईदगाह क्षेत्र में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने तीन मुस्लिम युवकों को दो नाबालिग हिंदू लड़कियों के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। बजरंग दल का आरोप है कि ये युवक इंस्टाग्राम पर हिंदू नामों से आधा दर्जन से अधिक फर्जी आईडी बनाकर 'लव जिहाद' में सक्रिय थे। बजरंग दल के जिला संयोजक ऋषभ कुशवाह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि ईदगाह क्षेत्र में कुछ मुस्लिम युवक नाबालिग हिंदू लड़कियों के साथ घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। पूछताछ के दौरान युवकों ने खुद को रोहित, राहुल जैसे हिंदू नामों से परिचय दिया। लेकिन, मोबाइल फोन की जांच करने पर सामने आया कि वे मुस्लिम हैं और फर्जी नामों से लड़कियों को बहला रहे थे। इसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जांच के दौरान उनके मोबाइल में विभिन्न हिंदू नामों से बनाई गई इंस्टाग्राम की आधा दर्जन से अधिक फर्जी आईडी मिलीं। हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि पकड़े गए तीन युवक दो नाबालिग लड़कियों के साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे। जब उनसे नाम पूछा गया तो उन्होंने अंकित, राहुल और राज बताया। मौके पर भीड़ जमा हो गई, आईडी जांच के बाद उनके मुस्लिम होने की पुष्टि हुई। इसके बाद भीड़ ने तीनों की पिटाई कर दी। चिमनगंज थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तीनों को थाने ले आई। पुलिस जांच में दो युवक नाबालिग पाए गए। एक युवक की पहचान सोहेल, निवासी जानसापुरा के रूप में हुई। पुलिस और बजरंग दल ने उनके मोबाइल की जांच की, जिसमें इंस्टाग्राम पर हिंदू नामों से बनी फर्जी आईडी, चैट्स और कुछ आपत्तिजनक फोटो भी मिले। थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरिया ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### निर्देश के बाद भारी बारिश का निरीक्षण करने पहुंचे थे अधिकारी

## महिलाओं ने कलेक्टर-एसपी का रास्ता रोक दिखाई बाढ़ की हकीकत





संवाददाता ● शिवपुरी

**निरीक्षण**

मानसून ने पूरे मध्य प्रदेश को कवर कर लिया है। ग्वालियर-चंबल अंचल में जोरदार बारिश का दौर शुरू हो गया है। शिवपुरी जिले में बीती रात्रि से हो रही झमाझम बारिश के बाद नदी व नाले उफान पर पर आ गए। सिंध नदी में पानी का बहाव तेज होने के बाद पचावली का पुराना पुल डूब गया। इसके अलावा कोलारस और लुकवासा के कई क्षेत्रों में पानी भर जाने से बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए। वहीं, निरीक्षण करने गए कलेक्टर और एसपी का महिलाओं ने रास्ता रोक लिया। कोलारस अनुविभाग क्षेत्र में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात हो गए। इस इलाके में मौके पर गए कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी व एसपी अमन सिंह राठौड़ की गाड़ी को महिलाओं ने रोक लिया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की कार आगे महिलाओं ने उनके हुए नुकसान का मौके पर चलने की बात कही। जिस पर कलेक्टर व एसपी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को कलेक्टर ने आश्वाशन दिया कि आपके हुए नुकसान का तहसीलदार पटवारी द्वारा निरीक्षण कराया गया है। आपको हर संभव मदद दिलाई जाएगी।

### जिले में अभी तक 181.98 मिमी वर्षा दर्ज

शिवपुरी जिले दो दिन से लगातार बारिश का क्रम बना हुआ है। जिले में जून के महीने में अभी तक 181.98 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मिमी है। कोलारस के लुकवासा में ज्ञान स्थलीय स्कूल के आवासीय परिसर में जल भराव हो जाने से यहां पर दो बच्चे सहित 10 लोग फंस गए जिन्हें एसडीआरएफ की टीम की मदद से बाहर निकाला गया। कोलारस, लुकवासा व बदरवास क्षेत्र में अधिक बारिश होने से यहां पर जल भराव को की सूचना के बाद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ित लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शिवपुरी-कोलारस थाना क्षेत्र के गोरा टीला सिंध नदी पर बने गोरा पुल के पास ग्राम पंचायत टीलाकलां में चल रहे सिंध जलावर्धन योजना का काम करने वाली ठेकेदार कंपनी के पानी का टैंकर और पाइप लाइन, एक मिक्सर मशीन व अन्य सामान तेज बहाव में पानी में बह गया। इसके अलावा बिजरौनी गांव में भी जलभराव से लोगों को नुकसान हुआ है। कोलारस में भडौता गांव के पास रेशम माता मंदिर पर सिंध नदी में तेज बहाव के कारण यहां पर बाढ़ जैसे हालात नजर आए।


## जन्मदिन की पार्टी के बहाने नाबालिग को बुलाया, कारोबारियों को परोसा

### भोपाल में सामने आया देह व्यापार का मामला

संवाददाता ● भोपाल

**मामला**

जन्मदिन पार्टी के बहाने फ्लैट पर बुलाकर एक युवती ने अपनी 17 वर्षीय किशोरी सहेली को कारोबारियों को परोस दिया। इतना ही नहीं, युवती व्यापारियों से रुपये ऐंठकर अपने सहेली को दूसरे ग्राहकों को परोसने की तैयारी में थी। इसके पहले पुलिस ने युवती के फ्लैट पर दबिश देकर नाबालिग को रिहा करवा लिया और उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। यह पहली बार नहीं था कि नाबालिग अपने घर से दो-तीन दिनों के लिए गायब हुई थी। वह पिछले आठ महीने में पांच बार घर से गुमशुदा हो चुकी थी। इस बार जब बेटी तीन दिन तक घर नहीं पहुंची तो उसकी मां ने टीटीनगर थाने पहुंचकर शिकायत की। मां की शिकायत पर पुलिस ने बच्ची को बरामद किया। साथ ही तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।



**देह व्यापार में धकेलने वाली सहेली गिरफ्तार** – देह व्यापार में धकेलने वाली उसकी सहेली व दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में दुष्कर्म का एक आरोपी फरार है। टीटीनगर एसीपी अंकिता खातरकर के अनुसार, 17 वर्षीय किशोरी टीटीनगर क्षेत्र में रहकर पढ़ाई करती है। स्कूल के एक दोस्त के जरिए उसकी पहचान करोंद निवासी रिया नामक युवती से हुई थी। रिया ने 17 जून को किशोरी को अपने फ्लैट पर बुलाया था। उसी रात रिया ने किशोरी को एक कारोबारी के सामने परोस दिया। साथ ही अगले दिन जन्मदिन की पार्टी के बहाने उसे खजूरी सड़क स्थित एक फार्म हाउस में लेकर पहुंची। वहां रिया ने एक अन्य कारोबारी को परोसा और वापस फ्लैट पर ले आई। पुलिस की टीम ने फ्लैट पर दबिश दी और आरोपियों को पकड़कर देह व्यापार से पर्दा उठाया। पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान कई बार बदले हैं, जिसके चलते उसकी काउंसलिंग की गई है।

**दोस्त के साथ फ्लैट में रहती है इवेंट मैनेजर रिया**

एसीपी खातरकर ने बताया कि आरोपी रिया इवेंट मैनेजमेंट का काम करती है। वह लंबे समय से इस व्यवसाय से जुड़ी है, जिससे कारोबारियों के संपर्क में रहती है। रिया मूलतः भोपाल की रहने वाली है, लेकिन वह माता-पिता से अलग एक किराये के फ्लैट पर किसी दोस्त के साथ रहती है। यहां वह अक्सर नाबालिग को बुलाती थी। पीड़िता के माता-पिता का करीब पांच साल पहले तलाक हो गया था, जिसके बाद पीड़िता अपनी मां के साथ अकेली रहती है। परिवार में उसकी मां प्राइवेट काम करती है।

## न्याय मांगने थाने पहुंची थी महिला, कांस्टेबल ने की ऐसी हरकत

संवाददाता ● सतना

मध्य प्रदेश के सतना जिले से पुलिस ने एक महिला के साथ मारपीट की है। इसके बाद पुलिस विभाग की कार्यशैली और संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। न्याय की आस में थाने के चक्कर काट रही एक 65 वर्षीय विधवा महिला को एक सिपाही ने न केवल थप्पड़ मारा गया, बल्कि उसके खिलाफ ही झूठा केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, शहर के टिकुरिया टोला निवासी कलावती सिंह (65) 20 मई को बांदा गई थीं। इसी बीच उनके सूने घर में चोरी हो गई थी। जब 25 मई को वे वापस लौटीं तो घर से एक पेटी, वॉशिंग मशीन और बर्तन गायब थे। पीड़िता ने तत्काल कोलगवां थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन इसके बाद एक हफ्ते तक पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। चोरी की जांच की जानकारी लेने के लिए कलावती बार-बार थाने का चक्कर काट रही थीं। लेकिन उन्हें न कोई जवाब मिला न कोई सहयोग। रविवार 22 जून को जब वे एक बार फिर जानकारी लेने कोलगवां थाने पहुंचीं तो ड्यूटी पर मौजूद आरक्षक शशिकांत शुक्ला ने महिला से अभद्रता की और थाने के भीतर ही थप्पड़ जड़ दिया। बुजुर्ग महिला का अपराध सिर्फ इतना था कि वह अपनी रिपोर्ट की स्थिति जानना चाहती थी। महिला पर उल्टा केस किया दर्ज इस पूरी घटना का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि पुलिसकर्मी महिला को थप्पड़ मार रहा है। हैरान करने वाली बात ये है कि पुलिस ने उल्टा महिला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 170 के तहत केस दर्ज कर लिया और उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

### इनके संचालन के लिए टेक्नीशियन नहीं; MRI-CT स्कैन मशीनें 30 जून से शुरू होना है

## हमीदिया में 18 करोड़ की नई मशीनों का फायदा नहीं मिलेगा

संवाददाता ● भोपाल

**जांच**

मध्यप्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, हमीदिया में करोड़ों की लागत से नई सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें लगाई गई हैं। ये मशीनें 30 जून से शुरू होने वाली हैं। लेकिन, मरीजों को इनका फायदा नहीं मिल सकेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि अब तक इन मशीनों के संचालन के लिए टेक्नीशियन उपलब्ध नहीं है। इधर, पुरानी MRI-CT स्कैन मशीनें 10 दिनों से बंद हैं। ऐसे में मरीजों को इन जरूरी जांच के लिए परेशान होना पड़ रहा है। मामले में गांधी मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल में मशीनों के संचालन के लिए जल्द टेक्नीशियन नियुक्त कर दिए जाएंगे। इसके लिए विभाग को पत्र भेजा गया है।



### नए भवन में लगी दोनों मशीनें

हमीदिया अस्पताल ने मरीजों की सुविधा के लिए नए भवन ब्लॉक-1 में 6 करोड़ रुपए की सीटी स्कैन और 12 करोड़ रुपए की एमआरआई मशीन लगाई हैं। इन मशीनों को इमरजेंसी विभाग के ठीक पीछे स्थापित किया गया है, ताकि गंभीर मरीजों की जांच तुरंत हो सके। लेकिन, इन्हें चलाने वाले टेक्नीशियन नहीं हैं, और न ही इनके रखरखाव के लिए कोई एग्रीमेंट हुआ है।

**टेक्नीशियन का अभाव:** नई मशीनों को चलाने के लिए प्रशिक्षित टेक्नीशियन उपलब्ध नहीं हैं।

**रखरखाव एग्रीमेंट की कमी:** एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (AMC) और कॉम्प्रिहेंसिव मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (CMC) जैसे जरूरी एग्रीमेंट नहीं हुए हैं।

**पुरानी मशीन भी खराब:** अस्पताल की पुरानी एमआरआई मशीन में अर्थिंग की समस्या के कारण शॉर्ट सर्किट हो गया है, जिससे वह भी पूरी तरह बंद हो गई है। गंभीर मरीजों को तेज धूप या बारिश में जांच के लिए हमीदिया से निजी लैब में जाना पड़ रहा है। निजी लैब्स में उन्हें हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। कई मरीज आर्थिक तंगी या असुविधा के चलते जांच टाल रहे हैं, जिससे उनके इलाज में देरी हो रही है और स्वास्थ्य बिगड़ रहा है।

**NMC के नियमों की अनदेखी** – नेशनल मेडिकल काउंसिल (NMC) के नए नियमों के तहत अब सभी मेडिकल कॉलेजों में मॉडर्न जांच सुविधाएं अस्पताल के अपने संचालन में होनी चाहिए। गांधी मेडिकल कॉलेज ने मशीनें तो खरीदीं, लेकिन उन्हें चालू हालत में रखने के लिए जरूरी स्टाफ और रखरखाव अनुबंधों में ढिलाई बरती गई।

# सोनम के बालों से होगा लोगों का भला?

## एक्ट्रेस ने चैरिटी में दिए अपने 12 इंच बाल, पिता को कहा शुक्रिया



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने हाल ही में अपने बाल कटवाए हैं और उन्हें डोनेट कर दिया है। एक्ट्रेस ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को इस बारे में बताया। सोनम कपूर ने अपने घने लंबे बालों का क्रेडिट अपने पिता अनिल कपूर को दिया है। सोनम कपूर ने सोमवार को अपने बालों की लंबाई 12 इंच कम करवा दी और बालों को कटवाने के बाद उन्होंने इन्हें दान कर दिया है। सोनम कपूर ने अपनी इंस्टा पोस्ट में लिखा, 'मैंने अपने बाल 12 इंच छोटे करवाने और इन्हें दान कर देने का फैसला किया। शुक्रिया अनिल कपूर इतने अच्छे जीन्स के लिए।' अनिल कपूर ने अपनी बेटी की इस पोस्ट को लाइक किया है। बहुत से सोशल मीडिया यूजर्स ने इस बात के लिए 'खूबसूरत' फेम एक्ट्रेस की तारीफ की है। कमेंट सेक्शन में एक फॉलोअर ने लिखा- सोनम तुम्हारा नया हेयर कट तुम्हारी ही तरह खूबसूरत लग रहा है। वहीं दूसरी फॉलोअर ने लिखा- आप लोगों को हेयर गोल्स दे रही हो। बता दें कि सोनम कपूर साल 2018 में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड आनंद आहूजा के साथ शादी के बंधन में बंध गई थीं। अगस्त 2022 में उन्होंने अपने बेटे वायु को जन्म दिया और इसके बाद उन्होंने सिनेमा जगत से ब्रेक ले लिया। वर्क फ्रंट की बात करें तो सोनम कपूर आखिरी बार फिल्म 'ब्लाइंड' में नजर आई थीं जो कि साल 2023 में रिलीज हुई थी। सोनम ने फैंस से वादा किया था कि वह जल्द ही ओटीटी प्रोजेक्ट के जरिए वापसी करेंगी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मां बनने के बाद फिर से कैमरे के सामने वापसी को लेकर मैं काफी एक्साइटेड हूं। मुझे अपना काम बहुत पसंद है और अपने प्रोफेशन के जरिए कई दिलचस्प किरदारों को जीना मुझे अच्छा लगता है। लोगों के किरदार मुझे बहुत आकर्षित करते हैं और मैं अलग-अलग तरह के रोल करना पसंद करती हूं। मुझे अपने अगले प्रोजेक्ट का इंतजार है।' सोनम कपूर के अगले प्रोजेक्ट के बारे में हालांकि अभी तक कुछ रिवील नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह कोई बड़ा प्रोजेक्ट होगा।



# शादी के 1 साल बाद सोनाक्षी ने भाइयों संग लड़ाई पर तोड़ी चुप्पी, कहा- सच बताऊं तो मैं...

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी को 1 साल हो गए हैं। सोनाक्षी की शादी के दौरान ऐसी खबरें आई थीं कि उनके दोनों भाई लव और कुश इस शादी से खुश नहीं थे और दोनों शादी में भी नहीं आए थे। अब सोनाक्षी ने फाइनली इन खबरों पर अपनी बात रखी है। सोनाक्षी का कहना है कि मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोचती हूं। इसके अलावा उन्होंने भाई कुश के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में भी बात की। सोनाक्षी ने कहा, 'सच बताऊं तो मैं इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोचती हूं। मैं सिर्फ काम पर फोकस कर रही हूं।' अपने भाई कुश की फिल्म निकिता रॉय के साथ काम करने पर सोनाक्षी ने कहा, 'मैंने कई नए डायरेक्टर्स के साथ काम किया है और मेरी हमेशा कोशिश रही है उन्हें सपोर्ट करने की। नए डायरेक्टर्स फ्रेश एनर्जी लेकर आते हैं। कुश को पता है कि उन्हें फिल्म में क्या अचीव करना है इससे सबके लिए काम काफी आसान हो जाते हैं।' सोनाक्षी ने यह भी कन्फर्म किया कि हमारे बीच कोल्ड वॉर नहीं थी शूट के दौरान। उन्होंने कहा, 'मुझे लगा था कि हमारे बीच छोटी-मोटी लड़ाई होगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। सेट पर आप पूरे वर्क जोन में होते हैं। काफी चीजें चल रही होती हैं तो इन छोटी चीजों पर ध्यान नहीं जाता।' बता दें कि सोनाक्षी की अपकमिंग फिल्म निकिता रॉय को उनके भाई कुश सिन्हा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में सोनाक्षी के साथ परेश रावल, अर्जुन रामपाल और सुहैल नय्यर हैं। फिल्म 27 जून को रिलीज होगी।

# कनाडियन सिंगर के विवादित गाने पर भड़के सिंगर रफ्तार

## कहा- ये मेरे धर्म का अपमान है

कनाडियन रैपर और मॉडल टॉमी जेनेसिस का नया गाना ट्रू ब्लू रिलीज होते ही विवादों में घिर गया है। वीडियो में टॉमी मां काली का अवतार धारण किए नजर आ रही हैं। साथ ही वो पवित्र क्रॉस को प्रॉप की तरह इस्तेमाल कर रही हैं। कई लोग गाने की जमकर आलोचना कर रहे हैं। अब सिंगर और रैपर रफ्तार ने भी गाने की कड़ी निंदा करते हुए उसे रिपोर्ट किया है। रफ्तार ने सोमवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। इसमें उन्होंने दिखाया है कि वो ट्रू ब्लू सॉन्ग को रिपोर्ट कर चुके हैं। रिपोर्ट करने की वजह की जगह रफ्तार ने लिखा है, 'ये मेरे धर्म का अपमान है, इसे नहीं होना चाहिए।' इसके साथ ही रफ्तार ने फैंस से गाने को रिपोर्ट करने की मांग की है। सिंगर और रैपर अनुभव शुक्ला उर्फ पैंथर ने भी सोशल मीडिया पर गाने पर भड़कते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने वीडियो में कहा है कि जिन मां काली को हम बचपन से पूजते आए हैं, टॉमी जेनेसिस ने उनका अपमान किया है। वीडियो को बढ़-चढ़कर रिपोर्ट करो। इस सिंगर को ज्यादा से ज्यादा मैसेज भेजकर बताओ कि वो जो ये कर रही हैं ये आर्ट नहीं है। बताते चलें कि टॉमी जेनेसिस एक कनाडियन सिंगर और मॉडल हैं। उनका गाना ट्रू ब्लू 20 जून को रिलीज किया गया है। वीडियो में टॉमी ने मां काली की तरह शरीर पर नीला रंग लगाया है। उन्हीं की तरह वेशभूषा रखी है, साथ में गोल्ड जूलरी पहनी है और माथे पर लाल बिंदी लगाई है। वीडियो में पवित्र क्रॉस के साथ अश्लील हरकतें करती नजर आ रही हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'आपने मां काली का मजाक उड़ाकर बहुत बड़ी गलती की है, जो सिर्फ 'नीले रंग की देवी' नहीं हैं, बल्कि बुराई का नाश करने वाली, समय और मृत्यु की मां और शुद्ध ब्रह्मांडीय शक्ति का अवतार हैं। आपने हमारी दिव्यता को अपने फैशन स्टंट में बदल दिया। यह कला नहीं, बल्कि अपवित्रता है। लाखों हिंदू भय और भक्ति के साथ उन्हें नमन करते हैं, और मंत्रोच्चार करते हैं। काली का मजाक उड़ाना 'अजीब' नहीं है। यह आध्यात्मिक अज्ञानता और सांस्कृतिक अहंकार है।

## वन नाइट स्टैंड करना एक्ट्रेस को पड़ा भारी, दोस्त ने ही कर दिया प्रेग्नेंट

बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत को सैक्रेड गेम्स सीरीज में देखा जा चुका है और आपको बता दें कि हाल ही में उन्होंने अपने अबॉर्शन को लेकर बात की है। उनकी उम्र 41 साल की है और आपको बता दें कि वह एक वन नाइट स्टैंड के बाद में प्रेग्नेंट हो गई थी। इस बात का एक्ट्रेस ने खुद ही खुलासा किया। कुब्रा सैत ने यह भी बताया कि इसके बाद में अबॉर्शन कराना उनकी खुद की मर्जी थी और वह बच्चा चाहती ही नहीं थी। उन्हें डर लग रहा था और इसके बावजूद भी उन्होंने इस प्रोसीजर को अकेले करवाया और इस बारे में किसी को भी नहीं बताया। बॉलीवुड बबल के साथ में कुब्रा सैत ने बात करते हुए बताया कि 'मैं जब अबॉर्शन के वक्त से गुजरी थी तो मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं बिल्कुल भी स्ट्रांग महसूस कर रही थी। मैं उसको आगे ले जाने में बहुत ज्यादा कमजोरी महसूस कर रही थी। मेरे अंदर इतनी हिम्मत नहीं थी और ना ही इतना जज्बा था कि मैं कह सकूं कि अगर यह हम नहीं करते हैं तो भी जी लेंगे।' अभिनेत्री ने आगे बात करते हुए कहा कि 'मुझे तब ऐसा महसूस होने लगा था जैसे मुझ में ताकत ही नहीं बची है। मैं बहुत अंदर से खालीपन महसूस कर रही थी और मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मैं इसके बिल्कुल लायक ही नहीं हूं। हां लेकिन उसके लंबे वक्त बाद जो मुझे महसूस हुआ वह असली हिम्मत थी।' कुब्रा सैत ने बताया कि 'मैं खुद को इस काबिल बना पाई हूं कि अपने लिए एक फैसला ले पाऊं। जो मैंने किया है वह पूरी तरीके से सही था और मैंने खुद का ही साथ दिया है।

## ड्रग्स मामले में गिरफ्तार हुआ पॉपुलर साउथ एक्टर



तमिल और तेलुगु सिनेमा में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले जाने-माने अभिनेता श्रीकांत जिन्हें श्रीराम भी कहा जाता है, गलत कारणों से चर्चा में आ गए हैं। उनका नाम ड्रग्स केस में सामने आया है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में ड्रग्स केस के कई सारे मामले पिछले दिनों सामने आए। मलयालम सिनेमा से जुड़े कई दिग्गज अभिनेता को ड्रग्स केस में पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है और अब तमिल-तेलुगु एक्टर श्रीकांत भी इस मामले में बुरा फंस गए हैं। 23 जून 2025 को श्रीकांत को ड्रग्स से जुड़े एक मामले में चेन्नई पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। उन्हें पूछताछ के लिए नुंगम्बाक्कम पुलिस स्टेशन ले जाया गया है और उनके ब्लड सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए हैं। पुलिस को जांच में कुछ अहम सुराग मिले हैं जिसके बाद अभिनेता को गिरफ्तार कर लिया गया और 7 जुलाई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीकांत पर ड्रग्स को खरीदने और कोकीन का इस्तेमाल करने का आरोप है। यह भी कहा जा रहा है कि वह कई ड्रग सप्लायर्स के कॉन्टैक्ट में हैं। यही नहीं, मामले के तार बीते दिनों ड्रग केस में गिरफ्तार पूर्व AIADMK मेंबर टी प्रसाद से भी जोड़ा जा रहा है। माना जा रहा है कि टी प्रसाद से ही श्रीकांत ने ड्रग्स खरीदे थे। श्रीकांत पिछले ढाई दशक से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। उन्होंने साल 1999 में टीवी शो जन्नाल – मरबू कविथैगल से अपना करियर शुरू किया था। वह पहली बार बड़े पर्दे पर तमिल फिल्म रोजा कूतम में नजर आए थे। वह कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में अपने अभिनय से धमाल मचा चुके हैं।



## काजोल की 'मां' को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी

हिंदी सिनेमा की दमदार अभिनेत्री के तौर पर काजोल को जाना जाता है। मौजूदा समय में उनका नाम आने वाली फिल्म मां को लेकर लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। सुपरनेचुलर हॉरर थ्रिलर के तौर पर हर कोई काजोल की इस अपकमिंग मूवी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। इस बीच मां के सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर अहम जानकारी सामने आ रही है। काजोल की मां को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड यानी सीबीएफसी ने हरी झंडी दे दी है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं। किसी भी फिल्म को रिलीज से सेंसर बोर्ड के पास सर्टिफिकेशन के लिए भेजा जाता है। काजोल की मां की रिलीज में भी चंद दिनों का समय बाकी रह गया है और इसी आधार पर ये फिल्म इसी प्रक्रिया से गुजरी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मां को कुछ बदलाव के बाद सेंसर बोर्ड की तरफ से पास कर दिया गया है। फिल्म को यू/ए 16+ सर्टिफिकेट मिला है। मां की टाइमलाइन पर गौर किया जाए तो ये 135 मिनट 35 सेकेंड की फिल्म है, यानी करीब 2 घंटे 15 मिनट सिनेमाघरों में रक्षक और भक्षक की जोरदार भिड़ंत देखने को मिलेगी। दरअसल काजोल की मां एक हॉरर मूवी है और इसमें एक पेड़ एक अंदर शैतान को दिखाया गया है, जो लड़कियों को अपना निशाना बनाता है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि काजोल की बेटी के साथ भी ऐसा होता है और वह भी उस शैतान के चंगुल में फंस जाती है। उसे बचाने के लिए काजोल किस तरह से उसका सामना करेंगी, तो आपको मां की रिलीज के बाद फिल्म में देखने को मिलेगा। गौर किया काजोल की मां की रिलीज डेट की तरफ तो इस मूवी को 27 जून को थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। फिल्म के डायरेक्शन की कमान विशाल फूरिया ने संभाली है, जो इससे पहले एक्ट्रेस नुसरत भरूचा स्टारर हॉरर थ्रिलर छोरी और छोरी 2 को बना चुके हैं। अब उन्होंने मां के साथ दांव खेला है।

# रांझणा में धनुष को लेने के लिए डायरेक्टर ने अपनी जेब से दिए पैसे

12 वर्ष पहले डायरेक्टर आनंद एल राय ने एक ऐसी फिल्म बनाई, जिसने इंडियन सिनेमा में प्यार की भाषा ही बदल दी। फिल्म 'रांझणा' आज भी सिनेमा की सबसे इमोशनल प्रेम कहानियों में गिनी जाती है। 21 जून 2013 को रिलीज हुई इस फिल्म में साउथ सुपरस्टार धनुष और सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। इसके अलावा अभय देओल, मोहम्मद जीशान अय्यूब और स्वरा भास्कर के किरदारों ने भी लोगों का दिल जीता था। हाल ही में इस फिल्म के 12 साल पूरे होने पर मुंबई में एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें एक्टर धनुष ने फिल्म से जुड़े दिलचस्प किस्से शेयर किए, जो शायद ही किसी को पता हो। बता दें कि फिल्म में एक हिंदू लड़के कुंदन और मुस्लिम लड़की जोया की प्रेम कहानी को डायरेक्टर आनंद एल राय ने बड़ी ही खूबसूरती के साथ पर्दे पर उतारा था। किसी ने ये सोचा नहीं था कि



साउथ एक्टर धनुष को एक बनारसी लड़के के तौर पर सभी के सामने पेश किया जाएगा। अब धनुष ने इस फिल्म में अपनी एंट्री को लेकर भी खुलासा कर दिया है। मुंबई में स्पेशल स्क्रीनिंग के बाद एक्टर धनुष ने कहा, 'राझंणा दो पागल लोगों (आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा) की कहानी है। उन्होंने इससे पहले भी एक फिल्म बनाई थी, तनु वेड्स मनु (2011)। वे किसी ऐसी चीज में विश्वास रखते थे, जो इम्पॉसिबल थी। उस समय उनके पास मुझे लीड एक्टर के रुप में लेने के लिए सही बजट नहीं था।

# साइबर क्राइम की कॉलर ट्यून ने लड़की का भेजा किया फ्राई

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन का नाम उन चुनिंदा एक्टर की लिस्ट में शामिल किया जाता है, जिनके काम पर बढ़ती उम्र का असर भी नहीं पड़ता है। इन दिनों भी वह फिल्मी दुनिया में एक्टिव हैं और कई बड़े प्रोजेक्ट्स में लगातार काम कर रहे हैं। बिग-बी टीवी पर भी कौन बनेगा करोड़पति को होस्ट करने को लेकर चर्चा में रहते हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनकी एक्स पोस्ट खूब वायरल होती है। हाल ही में उन्होंने एक लड़की को करारा जवाब दिया है, जो उन्हें साइबर कॉलर ट्यून को लेकर ट्रोल कर रही थी।

इन दिनों आपने भी गौर किया होगा, जब किसी को फोन करते हैं तो एक चेतावनी साइबर ठगी के खिलाफ सुनाई देती है। इसमें किसी और की नहीं, बल्कि अमिताभ बच्चन की आवाज है। ज्यादातर लोग इस कॉलर ट्यून से परेशान आ चुके हैं। अब एक यूजर ने अपने अंदाज में बिग बी से इसे बंद करने की बात कही। खैर, अमिताभ ने भी लड़की को मुहतोड़ जवाब दिया। हिंदी सिनेमा के दिग्गज और चर्चित अभिनेता अमिताभ बच्चन अपनी लेटेस्ट पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, बिग बी ने हाल ही में अभिषेक बच्चन की तारीफ करते हुए ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया था। इसके एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, जी हां हूजूर मैं भी तो एक फैन हूं। एक्टर के इस ट्वीट पर एक लड़की ने साइबर क्राइम वाली कॉलर ट्यून का जिक्र करते हुए उन्हें ट्रोल करने की कोशिश की। हालांकि, यूजर को इस बात का बिल्कुल अंदाजा नहीं होगा कि इसके बदले में उन्हें मुंह की खानी पड़ेगी। लड़की ने पोस्ट में लिखा, तो फोन पर बोलना बंद करो भाई। इसका जवाब देते हुए एक्टर ने लिखा, सरकार से बोलो भाई। उन्होंने हमसे जो कहा हमने कर दिया। अब बिग बी का हालिया ट्वीट वायरल हो रहा है और लोग उनके जवाब पर अपनी प्रतिक्रियाएं भी दी। अभिनेता के फैंस तो उनका यह अंदाज काफी पसंद आ रहा है। इस लड़की के अलावा, कई अन्य यूजर्स ने भी बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर को ट्रोल करने की कोशिश की। एक यूजर ने लिखा, सॉलिड नशा करते हो सर। इस पर महानायक ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए लिखा, एक नशा किए हुआ व्यक्ति ही ऐसा लिख सकता है। जैसा ठीक आपने लिखा है।





# भारतीय गेंदबाजों की खबर ले रहे बेन डकेट, पहले टेस्ट की चौथी पारी में शतक ठोक दिया

एजेंसी ● लीड्स

लीड्सः इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने हेडिंग्ले में चौथी पारी में शतक ठोक दिया है। भारत ने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 371 रनों का लक्ष्य रखा है। 5वें दिन दूसरे सेशन में डकेट ने 121 गेंदों पर अपने टेस्ट करियर की छठी सेंचुरी ठोकी। मैच का 5वां दिन होने के बाद भी लीड्स की पिच बैटिंग के लिए काफी आसान हैं। इंग्लिश बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठा रहे हैं और भारतीय टीम मुश्किल में दिख रही है।

चौथी पारी में पहली बार डकेट का शतक

बेन डकेट ने पहली बार टेस्ट मैच की चौथी पारी में शतक लगाया है। यह इंग्लैंड की दूसरी पारी में भी उनका पहला शतक है। अभी तक उन्होंने सभी शतक इंग्लैंड की पहली पारी में ही ठोके थे। 121 गेंदों पर वह शतक तक पहुंचे। अपनी पारी में वह कुल 14 चौके मार चुके हैं। भारत के खिलाफ यह उनका दूसरा शतक है। इससे पहले डकेट ने पिछले साल भारत के दौरे पर भी शतक लगाया था। वह स्पिन के अच्छे बल्लेबाज हैं और स्वीप के साथ रिवर्स स्वीप लगाकर गेंदबाजों को परेशान कर देते हैं।2010 के बाद किसी इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज ने टेस्ट मैच की चौथी पारी में शतक लगाया है। इससे पहले एलिस्टर कुक ने यह कारनामा किया था। उन्होंने मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ 109 रनों की पारी खेली थी।

सिर्फ इंग्लैंड को मैच से दूर नहीं किया, ऋषभ पंत ने शतक लगाकर रिकॉर्ड की बरसात भी कर दीयशस्वी जायसवाल ने इस मुकाबले में फील्डिंग में काफी निराश किया है। पहली पारी में उन्होंने तीन कैच छोड़े थे। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर उन्होंने बेन डकेट, ओली पोप और हैरी ब्रूक को जीवनदान दिया था। अब दूसरी पारी में उन्हें फिर से बेन डकेट को जीवनदान दिया। 97 के स्कोर पर मोहम्मद सिराज की गेंद पर डकेट ने पुल शॉट खेला। मिड स्क्वायर लेग पर यशस्वी ने आगे भागते हुए कैच लेने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके हाथ में आकर निकल गई।

**इंग्लैंड ने लगातार दूसरी बॉल पर विकेट गंवाया**

## शार्दूल ने डकेट के बाद ब्रूक को पवेलियन भेजा स्कोर 256/4; भारत ने 371 रन का टारगेट दिया

एजेंसी ● लीड्स



इंग्लैंड ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 4 विकेट पर 256 रन बना लिए हैं। टीम को जीत के लिए 115 रन की जरूरत है। जो रूट क्रीज पर हैं। शार्दूल ठाकुर ने बेन डकेट (149 रन) और हैरी ब्रूक (शून्य) को कैच आउट कराया। प्रसिद्ध कृष्णा ने ओली पोप (8 रन) और जैक क्रॉली (65 रन) के विकेट झटके। मंगलवार को लीड्स के हेडिंग्ले क्रि-केट स्टेडियम में चल रहे मुकाबले का आखिरी दिन है और दूसरे सेशन का खेल जारी है। इंग्लैंड ने 21/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया।

भारत ने इंग्लिश टीम को 371 रन का टारगेट दिया है। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी। 55वां ओवर डाल रहे शार्दूल ठाकुर ने लगातार दो बॉल पर दो विकेट झटके। उन्होंने... ओवर की तीसरी बॉल पर बेन डकेट को सब्सिट्यूट नीतीश कुमार रेड्डी के हाथों कैच कराया। डकेट 149 रन बनाकर आउट हुए। ओवर की चौथी बॉल पर हैरी ब्रूक को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। ब्रूक खाता भी नहीं खोल सके।

शार्दूल ने इस ओवर में महज 3 रन खर्च किए। वे हैट्रिक पर थे, लेकिन बेन स्टोक्स ने 3 रन लेकर अपना खाता खोल लिया।371 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। बेन डकेट शतक बनाकर खेल रहे हैं।45वें ओवर में इंग्लैंड ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया है। यहां ओली पोप 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड कर दिया। प्रसिद्ध ने अपने पिछले ओवर में जैक क्रॉली को आउट किया था।43वें ओवर में इंग्लैंड ने पहला विकेट गंवाया। यहां जैक क्रॉली 65 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें केएल राहुल के हाथों कैच कराया। प्रसिद्ध ने इंग्लिश ओपनर्स की 188 रनों की साझेदारी को ब्रेक किया।इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। हालांकि, कुछ ही देर में बारिश बंद हो गई और मैच दोबारा शुरू हो गया।बेन डकेट ने टेस्ट क्रिकेट में छठा शतक पूरा कर लिया है।उन्होंने 40वां ओवर डाल रहे रवींद्र जडेजा की चौथी बॉल पर चौका लगाकर सेंचुरी पूरी की।39वें ओवर की आखिरी बॉल पर बेन डकेट को जीवनदान मिला। बेन डकेट ने पुल शॉट खेला लेकिन गेंद टॉप-एज होकर हवा में गई। मिडविकेट पर खड़े यशस्वी जायसवाल दौड़कर गेंद तक पहुंचे और डाइव लगाई, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके।इंग्लैंड ने दूसरी पारी में भारत के खिलाफ 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। बेन डकेट ने 37वां ओवर डाल रहे जसप्रीत बुमराह की पहली बॉल पर चौका लगाकर स्कोर 150 पार पहुंचाया।

इससे पहले 36वें ओवर की दूसरी गेंद पर जैक क्रॉले ने अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 17वीं फिफ्टी पूरी की।5वें दिन का पहला सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 24 ओवर के इस सेशन में इंग्लिश टीम ने बिना विकेट गंवाए 96 रन बनाए। लंच ब्रेक के बाद दूसरी पारी में इंग्लैंड का स्कोर 117/0 रहा। जैक क्रॉली 42 और बेन डकेट 64 रन बनाकर नाबाद लौटे।29वें ओवर की पांचवीं बॉल पर जसप्रीत बुमराह ने जैक क्रॉली को जीवनदान दिया। बुमराह की गेंद ऑफ स्टंप पर फुल लेंथ पर थी, क्रॉली ने सीधा ड्राइव खेला। गेंद तेजी से नीचे की ओर की गई। बुमराह बाई ओर झुके और कैच लपकने की कोशिश की लेकिन पूरी पकड़ नहीं बना पाए। क्रॉली इस समय 42 रन पर थे।25वें ओवर में बेन डकेट और जैक क्रॉली ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली है। प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर की तीसरी बॉल पर जैक क्रॉली ने चौका लगाकर साझेदारी को 100 पार पहुंचा दिया।बेन डकेट और जैक क्रॉले की जोड़ी इंग्लैंड की ओर से 2000 रन से ज्यादा की साझेदारी कर चुकी है। क्रॉली ने प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर की पहली बॉल पर एक रन लेकर डकेट के साथ यह अचीवमेंट हासिल कर लिया है। हेडिंग्ले टेस्ट मैच के अंतिम दिन इंग्लैंड के बेन डकेट 149 रन बनाकर आउट हुए। बेन डकेट के विकेट के साथ ही टीम इंडिया को बड़ी राहत मिली। इंग्लैंड को डकेट के रूप में 253 रन के स्कोर पर तीसरा झटका लगा है। इस तरह टीम इंडिया ने मैच में जबरदस्त वापसी कर ली है।भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट मैच के अंतिम दिन 371 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने 2 विकेट के नुकसान पर 250 रन के आंकड़े को पार कर लिया है। ऐसे में अब मेजबान टीम को जीत के लिए 121 रन की जरूरत है।हेडिंग्ले टेस्ट मैच के अंतिम दिन बारिश के बाद टीम इंडिया ने जबरदस्त वापसी कर ली है। प्रसिद्ध कृष्णा ने जैक क्राउली को आउट करने के बाद ओली पोप को भी बोल्ड किया। इस तरह इंग्लैंड को 206 रन के स्कोर पर दूसरा झटका लगा है। हेडिंग्ले टेस्ट मैच के अंतिम दिन टीम इंडिया का आखिरकार इंतजार खत्म हो गया। प्रसिद्ध कृष्णा ने पारी के 43वें ओवर की दूसरी गेंद पर क्राउली को केएल राहुल के हाथों में कैच आउट कराया। इस तरह इंग्लैंड को 188 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा है।हेडिंग्ले टेस्ट मैच के आखिरी दिन दूसरे सेशन में बारिश के कारण खेल रुकने के बाद एक बार फिर से खिलाड़ी मैदान पर उतर चुके हैं। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली और बेन डकेट 181 रन से पारी को आगे बढ़ाएंगे।

## लीड्स पर दोहराया 41 साल पुराना इतिहास, क्राउली और डकेट की जोड़ी ने कमाल ही कर दिया



एजेंसी ● लीड्स

भारत ने इंग्लैंड को लीड्स टेस्ट की चौथी पारी में 371 रनों का विशाल लक्ष्य दिया है। ऐसे स्कोर को हासिल करना आसान नहीं होता। क्रिकेट इतिहास में चौथी पारी में गिने चुने मौकों पर ही इतने रन चेज हुए हैं। लेकिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्राउली ने अपनी टीम को एक ठोस शुरूआत दी। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ डटकर बल्लेबाजी की और एक शतकीय साझेदारी बनाई, जिसने इंग्लैंड को मैच में बनाए रखा है।

### धीमी शुरूआत के बाद तेज बैटिंग

लीड्स टेस्ट में 5वें दिन का खेल शुरू हुआ तो इंग्लैंड का स्कोर 6 ओवर में 21 रन था। शुरूआत में डकेट और क्राउली की जोड़ी ने गेंदबाजों का सम्मान किया। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के खिलाफ उन्होंने संभलकर बैटिंग की। 16वां ओवर जब खत्म हुआ तो इंग्लैंड का स्कोर 48 रन ही था। लेकिन इसके बाद उसके बल्लेबाजों ने रन गति बढ़ा दी। 25 ओवर में टीम का स्कोर 106 रन पहुंच गया। शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ क्राउली और डकेट ने आसानी से रन बनाए।लीड्स के मैदान पर चौथी पारी में पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी काफी खास रिकॉर्ड है। आखिरी बार 1984 में चौथी पारी में सलामी जोड़ी ने इस मैदान पर शतकीय साझेदारी की थी। डेसमंड हेन्स और गॉर्डन ग्रीनिज की जोड़ी ने इंग्लैंड के खिलाफ यह कारनामा किया था। दोनों ने पहले विकेट के लिए 106 रन जोड़े थे। अब 41 साल बाद यहां किसी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी बनाई है।लीड्स के मैदान पर वैसे चौथी पारी में बैटिंग आसान होती है। यही वजह है कि 6 बार यहां चौथी पारी में 250 से ज्यादा का टारगेट चेज हो चुका है। 1948 में तो ऑस्ट्रेलिया ने चौथी पारी में 404 रन बनाकर इंग्लैंड को हराया थआ। 2019 में इंग्लैंड ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 359 रनों का टारगेट चेज किया था।

## हेडिंग्ले टेस्ट के बीच छा गए ईशान किशन, काउंटी डेब्यू में तूफानी बैटिंग से मचाई तबाही

एजेंसी ● लीड्स



इंग्लैंड दौरे के बीच टीम इंडिया से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने काउंटी चैंपियनशिप में तबाही मचा दी। काउंटी में नॉटिंघमशायर के लिए खेलते हुए ईशान ने यॉर्कशायर के खिलाफ तूफानी अर्धशतकीय पारी खेली। ईशान किशन ने 98 गेंदों में 87 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और एक छक्का लगाया। ईशान ने काउंटी के डेब्यू में 88.77 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इस दौरान उन्होंने इंग्लैंड के डॉम बेस और न्यूजीलैंड के विल ओ'रुरके जैसे इंटरनेशनल गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई।

रिपोर्ट के मुताबिक ईशान किशन काउंटी चैंपियनशिप में छोटे करार के लिए नॉटिंघमशायर के साथ जुड़े हैं। इस करार में ईशान किशन सिर्फ दो मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे। इस करार के तहत वह ट्रेंट ब्रिज में यॉर्कशायर के खिलाफ और टांटन में समरसेट के खिलाफ चैंपियनशिप मैचों में नॉटिंघमशायर के लिए मैदान पर उतरेंगे।काउंटी चैंपियनशिप में ईशान दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी काइल वेरिन की जगह खेल रहे हैं। काइल वेरिन का दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में चयन हुआ है। काइल वेरिन इस समय जिम्बाब्वे में दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रहे हैं। यही कारण है कि नॉटिंघमशायर ने ईशान किशन को दो मैचों के लिए अपने साथ जोड़ा है। बता दें कि ईशान भारत के लिए अब तक दो टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने तीन पारियों में 78 रन बनाए हैं और एक अर्धशतक भी जड़ा है।टेस्ट को छोड़ दें तो ईशान किशन ने वनडे और टी20 में कमाल का प्रदर्शन किया है। वनडे क्रिकेट में ईशान किशन टीम इंडिया के लिए 27 मैचों में मैदान पर उतरे, जिसमें उन्होंने 42.40 की औसत और 102.19 के स्ट्राइक रेट से 933 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। इस फॉर्मेट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 210 रन का है। वहीं ईशान भारत के लिए 32 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 25.67 की औसत और 124.37 के स्ट्राइक रेट से 796 रन बना चुके हैं। टी20 में उनके नाम छह अर्धशतक दर्ज है।

## इंग्लैंड में मुझे गेंदबाजी की थी, आपका यूं जाना तोड़ गया... दिलीप दोषी के निधन पर सचिन तेंदुलकर का भावुक पोस्ट

नई दिल्लीः क्रिकेट के भगवान कहे जाने वालेसचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनका सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, ह्यमैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ह्यबेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाजह्व के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा, ह्यउनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ।ह्व बिशन सिंह बेदी के संन्यास के बाद 1979 में दोशी ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 1983 तक कुल 33 मैच खेले और 114 विकेट हासिल किए।पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चयनकर्ता सुनील जोशी ने ट्वीट किया, ह्यअब भी यकीन नहीं हो रहा है, हमने पिछले बुधवार को ही बात की थी और वह ठीक लग रहे थे। दिलीप दोशी सर के निधन से दिल टूट गया है। वह मैदान पर महान खिलाड़ी थे और मैदान के बाहर सच्चे सज्जन व्यक्ति थे। वह मेरे लिए बहुत मायने रखते थे और यह क्षति बेहद निजी है। दोशी परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा, दिलीप भाई के निधन के बारे में सुनकर दिल टूट गया। भगवान उनके परिवार और दोस्तों को इस दुख को सहने की शक्ति दे। नयन (दोशी के पुत्र) तुम्हारे बारे में सोच रहा हूं दोस्त। पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने लिखा, ह्यदिल टूट गया है और मैं अब भी दिलीप अंकल के निधन से सदमे में हूं। वह वाकई बहुत खास थे। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा, ह्ययह बड़ा सदमा है। भारत के दिग्गज क्रिकेटर दिलीप दोशी का 77 साल की उम्र में लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। भगवान उनके परिवार और करीबी लोगों को इस दुख से उबरने की शक्ति दे। उनकी आत्मा को शांति मिले। पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और हरभजन सिंह ने भी दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। ओझा ने कहा, ह्यदिलीप दोशी सर के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ।


**फीफा क्लब विश्व कप 2025:**



पेरिस सेंट जर्मेन के विलियन पाचो और सिएटल साउंडर्स के ओबेद वर्गास सिएटल साउंडर्स और पीएसजी के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप बी फुटबॉल मैच के दौरान गेंद की ओर बढ़ते हुए।

## एमएस धोनी के चहेते की कप्तानी में अब घरेलू क्रिकेट खेलेंगे पृथ्वी शॉ? रणजी टीम का हुआ खुलासा!

एजेंसी ● लीड्स



भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर बल्लेबाज पृथ्वी शॉ मुंबई की टीम को छोड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन यानी एमसीए से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) का अनुरोध किया है। पृथ्वी के इस फैसले से वह एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। ऐसे में अब सवाल ये उठता है कि मुंबई को छोड़ने के बाद वह किस टीम के साथ जुड़ेंगे। दरअसल मुंबई की टीम ने पृथ्वी शॉ को 2024-25 घरेलू सीजन में रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर किया था। ऐसे में अब एमसीए ने पृथ्वी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें एनओसी दे दिया है।

वहीं 'टाइम्स ऑफ इंडिया' की एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें यह कहा गया है कि मुंबई से निकलने के बाद पृथ्वी शॉ को 2-3 राज्यों से ऑफर मिले हैं, लेकिन उनके महाराष्ट्र क्रिकेट टीम में शामिल होने की संभावना सबसे ज्यादा है। दिलचस्प बात यह है कि अगर पृथ्वी शॉ महाराष्ट्र टीम में शामिल होते हैं आईपीएल में सीएसके करे लिए खेलने वाले रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में खेलेंगे।रुतुराज गायकवाड़ आईपीएल में पांच बार के चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान भी हैं। ऐसे में घरेलू सर्किट में पृथ्वी शॉ एक लोकप्रिय चेहरा हैं और उनके अधिकांश मैच खेलने की संभावना है क्योंकि भारतीय टीम में उनकी जगह निश्चित नहीं है। इससे पहले मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने शॉ के अनुरोध प्राप्त होने की पुष्टि की थी और उसे अपनी मंजूरी दे दी थी।पृथ्वी को लेकर एमसीए ने कहा, 'मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन सूचित करना चाहता है कि क्रिकेटर पृथ्वी शॉ ने आगामी घरेलू सत्र में एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में दूसरे राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए औपचारिक रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र का अनुरोध किया था। विचार-विमर्श के बाद एमसीए ने उन्हें एनओसी दे दी है।' मुंबई छोड़ते हुए पृथ्वी शॉ ने एमसीए के लिए कहा कि वह मुंबई टीम में बिताए गए समय के लिए आभारी हैं, जिसके लिए उन्होंने 2017 में डेब्यू किया था, लेकिन अब आगे बढ़ना चाहते हैं।

दैनिक अदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 25 जून, 2025
www.adityabharat.com





द हड्सर्, जिसमें जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए आदमकद जानवरों की कठपुतलियाँ अफ्रीका से आर्कटिक सर्कल तक 12,400 मील (20,000 किमी) की यात्रा पर शहरों का दौरा करती हैं, फ्रांस की राजधानी में पहुँचती हैं, जहाँ 100 कठपुतली कलाकार 40 जानवरों को जीवन देते हैं।

## शॉट न्यूज

### मोदी जी विश्वगुरु हों, या सिर्फ घरके गुरु : मल्लिकार्जुन खड़गे

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री विश्व गुरु बनने का नारा लगाते हैं। जबकि दूसरी तरफ ईरान और इजराइल के बीच जंग हो रही है। हमें इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए था। खड़गे ने कहा, चाहे आप (मोदी जी) विश्व गुरु हों या घर के गुरु। लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाना, कपड़े और सिर पर छत चाहिए। हम चाहते थे कि वे इन चीजों के लिए प्रयास करें। खड़गे ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि ईरान ने हमेशा भारत का समर्थन किया है क्योंकि देश अपनी ईंधन की जरूरत का 50 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता है। कर्नाटक के रायचूर में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा- पीएम मोदी हमेशा विपक्ष को नीचा दिखाते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में पीएम गायब रहे। इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए उनके मन में बिल्कुल भी सम्मान नहीं है।

### शेख हसीना की भतीजी का हल्ला बोल, खतरे में यूनुस की सरकार

**लंदन।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भतीजी, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीक ने ढाका में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए 'दुष्प्रचार अभियान' चलाने का आरोप लगाया। लंदन में रहने वाली सिद्दीक ने अपने परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस वर्ष के शुरू में ब्रिटेन की वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह ब्रिटेन की राजधानी के हैम्पस्टेड और हाईगेट निर्वाचन क्षेत्र से सत्तारूढ़ लेबर पार्टी का प्रतिनिधित्व करती हैं। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार रोधी आयोग (एसीसी) ने शेख हसीना के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार के संबंध में सिद्दीक के खिलाफ जांच शुरू की है। सिद्दीक के वकीलों द्वारा यूनुस को भेजे गए पत्र में कहा गया है, "अब समय आ गया है कि मुख्य सलाहकार (यूनुस) और एसीसी सिद्दीक की प्रतिष्ठा को धूमिल करने और उनकी सार्वजनिक सेवा में हस्तक्षेप करने के पूरी तरह से गलत और गैरकानूनी अभियान को बंद कर दें।"

### ट्रंप के करीबी सांसद की धमकी, पेश किया खास बिल

# भारत के लिए आर्थिक बंकर बस्टर साबित होगा

**न्यूयॉर्क ● एजेंसी**

**बिल**

भारत की रूस के साथ आर्थिक और सामरिक साझेदारी एक बार फिर वैश्विक सुर्खियों में है। अमेरिका के प्रभावशाली रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ सख्त प्रतिबंधों वाला नया बिल पेश किया है, जिसका सीधा असर भारत पर पड़ सकता है। इस विधेयक का उद्देश्य रूस पर यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए आर्थिक दबाव डालना है, लेकिन इसके दायरे में भारत जैसे देश भी आ रहे हैं, जो रूस से तेल और अन्य संसाधनों का आयात करते हैं। जानकारों का मानना है कि अमेरिकी सीनेट में प्रस्तावित 'सैंक्शनिंग रूस एक्ट 2025' भारत के लिए गंभीर आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियां खड़ी कर सकता है। अमेरिकी सांसद ग्राहम ने कहा, मेरे पास रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले बिल के लिए 84 सीनेटरों का समर्थन है।

यह बिल रूस, चीन और भारत के लिए एक आर्थिक बंकर बस्टर साबित होगा। 'सैंक्शनिंग रूस एक्ट 2025' को इस साल अप्रैल में अमेरिकी सीनेट में पेश किया गया था। यह कानून उन देशों पर भारी अमेरिकी टैरिफ (कर) लगाने की सिफारिश करता है, जो रूसी मूल के तेल, गैस, यूरेनियम और पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करते हैं। साथ ही, यह रूस की कंपनियों, सरकारी संस्थाओं और प्रमुख नीति निर्धारकों पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की भी मांग करता है।



#### भारत रूस से ऊर्जा आयात में दूसरा सबसे बड़ा देश

एनर्जी एंड क्लीन एयर रिसर्च सेंटर (CREA) के अनुसार, मई 2025 में भारत ने रुस से 412 बिलियन यूरो मूल्य के जीवाश्म ईंधन खरीदे, जिनमें से 72% केवल कच्चा तेल था। इस स्थिति में भारत इस कानून के सीधे प्रभाव में आ सकता है। हालांकि, बिल में यह प्रावधान भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए एक बार के लिए 180 दिनों की छूट दे सकते हैं। इसका उपयोग भारत जैसे रणनीतिक साझेदार देश को समय देने के लिए किया जा सकता है।

#### क्या है सैंक्शनिंग रूस एक्ट 2025?

अप्रैल 2025 में अमेरिकी सीनेट में पेश किए गए इस विधेयक में उन देशों पर 500% तक के भारी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है, जो रुस से तेल, प्राकृतिक गैस, यूरेनियम और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने इस विधेयक को रुस, भारत और चीन के खिलाफ आर्थिक बंकर बस्टर करार दिया है। बंकर बस्टर एक सैन्य शब्द है, जो उन हथियारों या रणनीतियों के लिए उपयोग होता है, जो गहरे और मजबूत ठिकानों, जैसे भूमिगत बंकरों या किलेबंदी, को नष्ट करने में सक्षम होते हैं। हाल ही में अमेरिका ने अपने सबसे घातक बंकर बस्टर का इस्तेमाल ईरान के परमाणु ठिकानों को खत्म करने के लिए किया है। अब अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने 'सैंक्शनिंग रुस एक्ट 2025' को आर्थिक बंकर बस्टर कहकर इसका प्रतीकात्मक उपयोग किया, जिसका अर्थ है कि यह विधेयक रुस, भारत और चीन जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर इतना गहरा और विनाशकारी प्रभाव डालेगा कि उनकी आर्थिक नींव कमजोर हो जाएगी, जैसे एक बंकर बस्टर बम किसी मजबूत सैन्य ठिकाने को ध्वस्त करता है।

#### ग्राहम ने भारत और चीन को चेताया

सीनेटर ग्राहम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी माने जाते हैं। वे पहले भी भारत से रुस के साथ व्यापार कम करने की मांग कर चुके हैं। उन्होंने 13 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म '' पर लिखा, चीन और भारत - अगर आप पुतिन की युद्ध मशीन को समर्थन देना जारी रखते हैं, तो इसके लिए आप खुद जिम्मेदार होंगे। 'सैंक्शनिंग रुस एक्ट 2025' को अब तक दो बार सीनेट में पढ़ा जा चुका है और इसे बैंकिंग, आवास और शहरी मामलों संबंधी समिति को सौंपा गया है। इसे कानून बनने के लिए सीनेट, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और अंत में राष्ट्रपति ट्रंप की मंजूरी लेनी होगी।

### लंदन से मुंबई आ रहा था विमान, फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित

## एअर इंडिया विमान में पांच यात्री बीमार, दो क्रू मेंबर्स को भी उल्टी की परेशानी हुई

**मुंबई ● एजेंसी**

एअर इंडिया की लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से मुंबई आ रही फ्लाइट एयर इंडिया 130 में सफर के दौरान 5 यात्रियों और 2 क्रू मेंबर्स ने चक्कर आने और उल्टी होने की शिकायत की। सोमवार को एअर इंडिया ने इसकी जानकारी दी। एअर इंडिया ने बताया कि विमान के मुंबई में सुरक्षित लैंड करने पर मेडिकल टीम पहले से तैयार थी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा- 'मुंबई पहुंचने के बाद दो यात्रियों और दो क्रू मेंबर्स को मेडिकल रूम में ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई। बाद में सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया। मामले की जांच की जा रही है और जांच एजेंसी को सूचित कर दिया गया है।'

इससे पहले कल एअर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली-जम्मू-श्रीनगर फ्लाइट जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड किए बिना दिल्ली लौट गई। अधिकारियों ने बताया कि यह फ्लाइट सुबह 10:40 बजे रवाना होनी थी, लेकिन इसने 11:04 बजे उड़ान भरी और इसे 12:05 बजे जम्मू पहुंचना था। हालांकि, उड़ान के दौरान संदिग्ध जीपीएस




दिक्कत के चलते विमान को लौटाकर दिल्ली में सुरक्षित लैंड करा दिया गया। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा- 'दिल्ली-जम्मू फ्लाइट को GPS सिग्नल में गड़बड़ी के शक के चलते एहतियातन वापस दिल्ली लाया गया। यात्रियों को जम्मू पहुंचाने के लिए तुरंत दूसरा विमान उपलब्ध कराया गया। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों के ऊपर उड़ान भरते समय GPS गड़बड़ी की शिकायतें सामने आती रही हैं।' वहीं, एअर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले कॉकपिट में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद रनवे एरिया से पायलट ने फ्लाइट को फिर से एप्रन में पहुंचाया। इसमें 130 पैसेंजर्स सवार थे। 5 घंटे तक फ्लाइट को ठीक करने की कोशिश की गई।

### तुर्की में भारतीय पर्यटकों की संख्या में आई तेजी से गिरावट

## भारत से पंगे लेकर घुटनों पर आया तुर्की

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

**नुकसान**

पाकिस्तान के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत के खिलाफ बोलने वाले तुर्की को अब इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। सरकार के साथ लोगों ने भी तुर्की का बायकॉट कर दिया था और महज एक महीने में ही इसका असर दिखना शुरू हो गया है। तुर्की में तेजी से बढ़ रही भारतीय पर्यटकों की संख्या में उतनी ही तेजी से गिरावट भी आनी शुरू हो गई है। तुर्की के आधिकारिक आंकड़े देखें तो मई महीने में ही वहां भारतीय पर्यटकों की संख्या में 24 फीसदी की गिरावट आई है। तुर्की के टूरिज्म विभाग के आधिकारिक आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि पिछले साल 2024 के मई महीने में भारतीय यात्रियों की संख्या 41,554 थी, जो इस साल 2025 के मई महीने में गिरकर 31,659 रह गई है। तुर्की को यह नुकसान 9 और 10 मई की रात भारत की ओर से पाकिस्तान पर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने पर हुआ है।




#### भारत ने मार गिराए थे तुर्की के ड्रोन

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारत पर जो ड्रोन बरसाए थे, उनके मलबों से पता चलता है कि वे तुर्की से आए थे। पाक आर्मी की ओर से इस्तेमाल किए गए ड्रोन वही थे, तुर्की के इस कदम के बाद भारत सरकार और आम आदमी ने उसका बायकॉट शुरु कर दिया था। तुर्की के साथ विवाद शुरु होने के बाद ऑनलाइन टूर बुक करने वाली कंपनियों मेकमाईट्रिप, ईजमाईट्रिप और क्लियरट्रिप ने तुर्की के टूरिस्ट पैकेज का प्रमोशन बंद कर दिया गया है। लेकिन सिर्फ एक महीने में ही सैलानियों की संख्या में 10 हजार की गिरावट एक बड़ा संकेत दिख रहा है।

#### मई और जून सबसे पीक समय

भारत के लिहाज से मई और जून का महीना टूरिज्म के लिए सबसे पीक समय होता है, क्योंकि इस समय वैकेशन चल रहे होते हैं। पिछले साल की बात की जाए तो तुर्की जाने वाले भारतीय सैलानियों की संख्या अप्रैल महीने में 31,934 थी, जो मई में बढ़कर 41,554 पहुंच गई और जून में भी यह संख्या 38,307 रही थी। अब 2025 के मई महीने में 31,659 यात्री तुर्की पहुंचे, जो करीब अप्रैल महीने के 30,169 जितनी ही थी। अनुमान है कि जून महीने में इस बायकॉट का असर पूरी तरह से दिखना शुरु हो जाएगा। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारतीय सैलानी अपने ज्यादातर टूर की बुकिंग एडवांस में कराते हैं।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)